दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 126 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00 | जयपुर। बुधवार, 11 मार्च 2026 । चैत्र, कृष्ण पक्ष अष्टमी, संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

# अमेरिका बोला- ईरान पर सबसे बड़ा हमला करेंगे



## ईरान बोला- ट्रम्प की धमकी से नहीं डरते, हमें मारने के चक्कर में खुद न मर जाएं

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 11वां दिन है। इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि मंगलवार को ईरान पर अब तक के सबसे बड़े और सबसे तीव्र हमले किए जाएंगे। हेगसेथ के मुताबिक इस हमले में बड़ी संख्या में फाइटर जेट और बमवर्षक विमान शामिल होंगे। उन्होंने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमताएं कमजोर हो रही हैं और वह बुरी तरह हार रहा है। वहीं ईरान ने भी जवाब देते हुए कहा है कि वह धमकियों से डरने वाला नहीं है और जो लोग ईरान को खत्म करने की बात करते हैं, उन्हें अपने अंजाम के बारे में सोच लेना चाहिए। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ने कहा कि ईरानी लोग अमेरिका की धमकियों से नहीं डरते। लारीजानी ने कहा कि पहले भी कई ताकतवर लोग ईरान को खत्म करने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन वे सफल नहीं हुए। लारीजानी ने ट्रम्प को चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग ईरान को मिटाने की बात कर रहे हैं, उन्हें सावधान रहना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि ईरान को मारने के चक्कर में वे खुद ही खत्म हो जाएं।

### डब्ल्यूएचओ ने ईरान में जहरीली बारिश की चेतावनी दी

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ईरान में जहरीली 'ब्लैक रेन' को लेकर चेतावनी जारी की है। संगठन के मुताबिक तेल ठिकानों पर हमलों के बाद हवा में जहरीले रसायन फैल गए हैं, जिसके कारण तेल युक्त बारिश हो रही है और इससे लोगों में सांस से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि हमलों के बाद हवा में टॉक्सिक हाइड्रोकार्बन, सल्फर ऑक्साइड और नाइट्रोजन यौगिक फैल गए हैं। इससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत, सिरदर्द, आंखों और त्वचा में जलन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। लंबे समय तक ऐसे प्रदूषण के संपर्क में रहने से कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है। डब्ल्यूएचओ ने लोगों से घरों के अंदर रहने और प्रदूषण से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह दी है।



### लेबनान से दागे गए रॉकेट सेंट्रल इजराइल में गिरे

लेबनान से दागे गए रॉकेट सेंट्रल इजराइल के कई इलाकों में गिरने से कई लोग घायल हो गए। इजराइली सेना के मुताबिक अधिकांश रॉकेटों को एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही इंटरसेप्ट कर लिया, लेकिन दो रॉकेट अलग-अलग स्थानों पर गिर गए। इजराइल डिफेंस फोर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि लेबनान की ओर से कई रॉकेट दागे गए थे। सेना के मुताबिक इनमें से ज्यादातर को रक्षा प्रणाली ने रोक लिया, लेकिन दो प्रोजेक्टाइल समय पर इंटरसेप्ट नहीं किए जा सके और वे जमीन पर गिर गए। हमले में कुछ लोगों को हल्की चोटें आई हैं।

### इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में 4 कस्बे खाली करने को कहा

इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के चार कस्बों के लोगों को तुरंत अपने घर खाली करने का आदेश दिया है। इजराइली सेना ने कहा कि नबातियेह प्रांत के अर्नौन, योहमोर, अल-शर्कियाह और जौतर अल-घरबियाह के निवासियों को तुरंत उत्तर की ओर चले जाना चाहिए, क्योंकि इलाके में सैन्य कार्रवाई की जा सकती है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-सरकार कोविड वैक्सीन से नुकसान का मुआवजा दे

### एरर-फ्री पॉलिसी बनाए; साइड इफेक्ट्स की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल की जरूरत नहीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को कोविड वैक्सीनेशन से जुड़ी याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार वैक्सीनेशन के साइड इफेक्ट्स का मुआवजा दे। इसके लिए वह नो-फॉल्ट कंपनसेशन पॉलिसी बनाए। नो-फॉल्ट कम्पनसेशन पॉलिसी का मतलब है कि अगर किसी व्यक्ति को दवा या वैक्सीन से नुकसान हो जाए, तो उसे मुआवजा मिल सकता है, भले ही इसमें किसी की गलती साबित न हुई हो। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने यह भी कहा कि वैक्सीनेशन के साइड इफेक्ट्स की मॉनिटरिंग के लिए मौजूदा सिस्टम जारी रहेगा। इसके लिए अलग से एक्सपर्ट पैनल बनाने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने रचना गंगू और वेणुगोपालन गोविंदन की 2021 में दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी बेटियों की मौत कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के कारण हुई थी।

### आदेश की 3 बड़ी बातें...

- वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स से जुड़े आंकड़े समय-समय पर पब्लिक डोमेन में रखा जाएगा।
- इस फैसले का मतलब यह नहीं होगा कि व्यक्ति दूसरे कानूनी उपायों का सहारा नहीं ले सकता।
- मुआवजा नीति का यह मतलब नहीं होगा कि सरकार या किसी दूसरी अथॉरिटी ने अपनी गलती मान ली है।

## भारतीय एयरलाइंस ने इंटरनेशनल फ्लाइट्स का किराया 15% बढ़ाया

### कच्चे तेल के रेट बढ़ने से जेट फ्यूल के दाम दोगुने, ईरान जंग का असर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब सीधे आम आदमी की जेब पर भी पड़ते दिखाई दे रहा है। भारतीय एयरलांइस ने इंटरनेशनल फ्लाइट्स के किराए में करीब 15% की बढ़ोतरी की है। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती जंग और होर्मुज रूट प्रभावित होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों और जेट फ्यूल के दाम में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जिसका असर ग्लोबल एविएशन इंडस्ट्री पर भी दिखने लगा है। भारत समेत एशिया और दुनियाभर की प्रमुख एयरलाइंस ने भी टिकटों के दाम बढ़ा दिए हैं और कई कंपनियां अपने विमानों को ग्राउंडेड करने का प्लान भी बना रही हैं। जानकारों का कहना है कि यह 1970 के दशक के बाद का सबसे बड़ा तेल संकट हो सकता है।

### भारतीय एयरलाइंस आगे किराया और बढ़ा सकती हैं

रिपोर्ट के अनुसार, जेट फ्यूल यानी ञस्न की कीमतों में हो रहे इजाफे को देखते हुए भारत की एविएशन कंपनियां आने वाले दिनों में किराया और भी बढ़ा सकती हैं। एयरलाइंस का कहना है कि ऑपरेशनल कॉस्ट बढ़ने के कारण उनके पास किराया बढ़ाने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं बचा है।

### जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी हो चुकी हैं

28 फरवरी को शुरू हुई ईरान-इजराइल जंग और होर्मुज रूट प्रभावित होने के बाद से तेल की सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस वजह से क्रूड ऑयल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत आज 93 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। वहीं एक दिन पहले ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई थी। वहीं कई मार्केट में जेट फ्यूल की कीमतें संघर्ष शुरू होने के बाद से दोगुनी हो चुकी हैं। जंग से पहले जेट फ्यूल की कीमतें लगभग 85 से 90 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर 150 से 200 डॉलर प्रति बैरल के बीच पहुंच गई है। वहीं मिडिल ईस्ट के तनाव के कारण दुनियाभर में अब तक 40,000 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल भी हुई हैं।

### अमेरिका-इजराइल और ईरान का असर

## कॉमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप

## राजस्थान में फैक्ट्रियां बंद, कर्मचारियों को घर भेजा

### गैस एजेंसियों पर लगी भीड़, होटल-रेस्टोरेंट कारोबार प्रभावित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के तनाव का असर अब राजस्थान में दिखने लगा है। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगा दी है। इससे होटल-रेस्टोरेंट और फैक्ट्रियों का काम प्रभावित हो रहा है। राज्य में कई जगह गैस एजेंसियों पर भीड़ लगी हुई है।

जयपुर के गोविंदगढ़ में क्रॉकरी बनाने वाली बोरोसिल कंपनी में एलपीजी सप्लाई ठप होने से उत्पादन रुक गया है। इस कारण कंपनी ने 3 हजार महिला मजदूरों को बुधवार से काम पर नहीं आने के लिए कहा है।

उधर, अलवर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कनेक्शन के नाम पर गैस सिलेंडर की कालाबाजारी शुरू हो गई है, एजेंसियों पर अचानक बुकिंग चार गुना बढ़ गई है। कॉमर्शियल गैस सप्लाई बंद होने से अजमेर में हजार से ज्यादा होटल-रेस्टोरेंट बंद होने के कगार पर हैं। जयपुर में होटल और रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि कॉमर्शियल गैस सप्लाई के चलते यदि कारोबार बंद होते हैं तो पर्यटक भी कम आएंगे। इससे अन्य व्यवसाय भी प्रभावित होंगे।

वहीं दो दिन से अलवर में फैक्ट्रियों के लिए कॉमर्शियल गैस सप्लाई बंद हो गई है। घरेलू कनेक्शन वालों को गैस मिल रही है। लेकिन किल्लत का पैनिक बढ़ा तो कुछ लागों ने उज्ज्वला गैस योजना वाले ग्राहकों के जरिए कालाबाजारी शुरू कर दी है। उनके नाम से बुकिंग कराकर बाजार में महंगे दामों में बेचना शुरू कर दिया है। गैस एजेंसी संचालक साफ तौर पर मान रहे हैं कि अब लोग कालाबाजारी कर रहे हैं। वरना रसोई गैस की कमी नहीं है। बराबर पर्याप्त मात्रा में सप्लाई जारी है। पाली में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद कर दी गई है। ऐसे में रेस्टोरेंट, मिठाई शॉप संचालक कोयले की भट्टी तैयार करने में जुटे हैं।

## राजस्थान के सारे पासपोर्ट ऑफिस बम से उड़ाने की धमकी

### बिल्डिंग खाली करवा कर ताले लगाए, डॉग स्क्वायड सर्च कर रही

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में मंगलवार को पासपोर्ट कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी मेल के जरिए दी गई। जयपुर कार्यालय में आई इस धमकी में सभी पासपोर्ट ऑफिस को खाली करने की बात कही गई थी। जयपुर रीजनल ऑफिस की मेल पर आईएसआई के नाम से भेजे गए ईमेल में लिखा- दोपहर 1 बजे बम ब्लास्ट होंगे। सूचना पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। एहतियातन संबंधित कार्यालयों को खाली करवा दिया गया। जयपुर के ऑर्बिट मॉल के पासपोर्ट सेवा केंद्र और झालाना स्थित रीजनल पासपोर्ट ऑफिस में एक घंटे तक सर्च चला। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को अंदर नहीं जाने दिया गया। सुरक्षा एजेंसियों को ऑफिसों में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके अलावा सीकर, जैसलमेर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, सवाईमाधोपुर, अजमेर, कोटा, भीलवाड़ा, पाली, चित्तौड़गढ़, श्रीगंगानगर, नागौर, झालावाड़ जिलों में भी सूचना के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। सुरक्षा के मद्देनजर बम निरोधक दस्तों, डिविल डिफेंस, डॉग स्क्वॉयड को बुलाया गया है।




## जनसुझावों को समाहित करते हुए तैयार होंगे गांव-वार्डों के मास्टर प्लान

### बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं को केन्द्र में रखकर बनेंगी सुनियोजित विकास की योजनाएं-मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान - 2047 के लक्ष्य के क्रम में राज्य के प्रत्येक ग्राम और वार्ड का मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। इन मास्टर प्लान्स में भविष्य की आवश्यकताएं और महिला, युवा, गरीब, किसान सहित सभी आयु वर्ग के सुझाव शामिल किए जाएंगे ताकि यह जन आकांक्षाओं का प्रतिबिंब बन सके। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में ग्राम पंचायतों एवं शहरी वार्डों के मास्टर प्लान की बजट घोषणा के क्रम में प्रस्तावित अभियान से संबंधित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं वार्डों के मास्टर प्लान को लघु, मध्यम एवं दीर्घ अवधि की श्रेणियों में विभाजित करते हुए तैयार करें ताकि बढ़ती जनसंख्या के अनुरूप उनकी जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मास्टर प्लान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुनियोजित विकास करना है जिससे ग्रामीणों का पलायन रूके और शहरों पर भार ना पड़े। उन्होंने साक्ष्य आधारित दृष्टिकोण से मास्टर प्लान्स में शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, सड़क, स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं की योजनाएं बनाने के विशेष दिशा-निर्देश दिए।



# डाकघर व पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी

## ईमेल से आई धमकी के बाद जांच एजेंसियां हुई सतर्क
## बम डिस्पोजल स्क्वॉयड व डॉग स्क्वॉयड ने की जांच

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** शहर के मुख्य डाकघर व पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हालांकि जांच के बाद यह कोरी धमकी ही साबित हुई, जिससे जांच एजेंसियों ने राहत का अहसास किया। सुबह ईमेल के जरिए आई धमकी में पांच साइनाइड गैस से भरे इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का इस्तेमाल करने की बात कही गई थी। इस सूचना के बाद पुलिस व अन्य जांच एजेंसियां सतर्क हो गई तथा परिसर को सील कर दिया गया। जोधपुर से आए बम डिस्पोजल स्क्वॉयड व डॉग स्क्वॉयड ने परिसर की जांच की। दिनभर चली जांच के बाद शाम तक पूरी तरह साफ हो गई। पुलिस अधिकारी बताते हैं कि बुधवार को डाकघर सामान्य तरीके से सुचारू रहेगा।



### नहीं मिली कोई संदिग्ध वस्तु

बम से ब्लास्ट की धमकी के बाद समूचा शहर अलर्ट पर रहा। वहीं, पुलिस-प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की तथा डाकघर परिसर को खाली करवाते हुए सील कर दिया। सिरोही कोतवाली व सदर थानाधिकारी समेत पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा तथा जांच शुरू की। तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद जोधपुर से डॉग स्क्वॉयड व बम डिस्पोजल स्क्वॉयड को भी बुलाया गया।

### जांच एजेंसियों ने दिखाई सतर्कता

उधर, बम ब्लास्ट की धमकी के बाद जांच एजेंसियों ने सतर्कता दिखाई। प्रारंभिक जांच के बाद बीडीएस व डॉग स्क्वॉयड ने भी गहनता से जांच की। तलाशी के बाद स्पष्ट हुआ कि यह किसी ने कोरी धमकी भेजी थी। इसके बाद जांच एजेंसियों ने राहत का अहसास किया। वहीं, बुधवार से कार्यालय को सामान्य रूप से खोले जाने की अनुमति दी गई।

### जोधपुर से बुलाए गए स्क्वॉयड

पुलिस के अनुसार डाकघर में आईईडी ब्लास्ट की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस व अन्य जांच एजेंसियों ने तत्काल मोर्चा संभाला। परिसर को खाली करवाकर सघन तलाशी ली गई। जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। वहीं, जांच के लिए जोधपुर से बम डिस्पोजल स्क्वॉयड व डॉग स्क्वॉयड भी बुलाया गया। तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली...

बम बलास्ट की धमकी मिली थी। इसके बाद परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इसमें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। बुधवार से डाकघर सुचारू रूप से खोले जाने की अनुमति दी गई है।

**– मुकेश चौधरी, पुलिस उप अधीक्षक, सिरोही**

---

## दादा गुरुदेव श्री जिनदत्तसुरिश्वर जी म.सा. चादर महोत्सव जैसलमेर में आयोजित

# उदयपुर से श्रावक-श्राविकाओं ने लिया भाग,समारोह में उमड़ा सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** प्रथम दादा गुरुदेव श्री जिनदत्त सुरीश्वर महाराज का जैसलमेर में भव्यातिभव्य चादर महोत्सव राष्ट्र रत्न संत खरतर गच्छाधिपति आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर महाराज की पावन निश्रा में तीन दिवसीय चादर समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

इस आयोजन में देशभर से हजारों की संख्या में गुरुभक्त जैसलमेर पहुंचे, जिसमें उदयपुर से भी श्री वासुपूज्य महाराज मंदिर ट्रस्ट एवं जिनदत्तसूरी दादा वाड़ी के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र लोढ़ा एवं सचिव दलपत सिंह दोशी एवं केयूप के पूर्व अध्यक्ष सुभाष महात्मा, वर्तमान अध्यक्ष गौरव कोठारी, सदस्य संजय खिमावत, ललित भंडारी, राकेश लोढ़ा , आजाद नाहर, रमण पारिख, गजेन्द्र चैधरी, कैलाश महात्मा , सुरेन्द्र तलेसरा, प्रकाश नागौरी, मनोहर बांठिया, चेत्रिक कोठारी युवान कोठारी ,पंकज जैन तथा केएमपी शाखा उदयपुर की वरिष्ठ सदस्या श्रीमति हेमलता नाहर,ऋतु जैन पारिख,मंजू पितलिया,उर्मिला महात्मा,मंजू लोढ़ा, प्रिया,वनिता कोठारी,सुधा भंडारी,अनिता सिरोया, कविता खिमावत,पुष्पा जैन,सुनीता बांठिया, आशा मेहता, निर्मला दोशी ने भी जैसलमेर चादर महोत्सव में भाग लिया।

# उदयपुर इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रमेश शाह निर्विरोध निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** उदयपुर इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध रूप से राजमंदिर इलेक्ट्रोनिक्स के रमेश शाह निर्वाचित हुए। अध्यक्ष प्रिंस दक ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 को सायं 5 बजे तक निर्धारित थी। निर्धारित समयावधि तक अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नामांकन पत्र प्राप्त हुआ, जो रमेश शाह द्वारा प्रस्तुत किया गया। एकमात्र नामांकन प्राप्त होने के कारण रमेश शाह का अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। उनका कार्यकाल 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2028 तक रहेगा। उल्लेखनीय है कि रमेश शाह इससे पूर्व भी संगठन के अध्यक्ष रह चुके हैं और अब वे दूसरी बार इस महत्वपूर्ण व्यापारिक संगठन का नेतृत्व करेंगे।

## कायस्थ पाड़ा में बेघर हुए परिवारों के प्रति संवेदनशील दिखा पालिका प्रशासन अधिशासी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने परिवारों को दिया हरसंभव मदद का भरोसा

# कोर्ट के आदेश पर सोमवार को प्रशासन ने खाली कराई थी डेढ़ बीघा भूमि



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहरी के नगर पालिका प्रशासन द्वारा कायस्थ पाड़ा पुलिया के पास सोमवार को कोर्ट के आदेश पर सडक़ किनारे खाली कराई गई करीब पांच करोड़ कीमत की डेढ़ बीघा भूमि से बेघर हुए परिवारों से मंगलवार को मुलाकात की और उनको पालिका प्रशासन द्वारा हर सम्भव मदद का आश्वासन दिलाया। शहर में सोमवार को कोर्ट के आदेश पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए करीब डेढ़ बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया था जिसमे किशनलाल बघेला के पांच बेटो के परिवार रह रहे थे। कब्जा हटते ही यह परिवार बेघर हो गए और उनके आशियाने उजड़ गए। मामले की जानकारी जब नगर पालिका प्रशासन को मिली तो ईओ अभिताभ मीणा और पालिका कर्मचारी मंगलवार को कायस्थ पाड़ा पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की।

जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी एवं उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के निर्देश पर अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा ने परिवारों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा जानी और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।ईओ मीणा ने बताया की जिन परिवारों के सामने रहने और भोजन की समस्या पैदा हुई है। उनके लिए तत्काल राहत के रूप के रूप में रैन बसेरे में व्यवस्था कराई गई है तथा भोजन के लिए अन्नपूर्णा रसोई उपलब्ध कराई। है इसके साथ ही पात्र परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवेदन लिए जाएंगे ताकि भविष्य में उन्हें पक्के मकान का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर पालिका बाड़ी प्रशासन हर जरूरतमंद नागरिक के साथ खड़ा है और संकट की इस घड़ी में किसी भी प्रभावित परिवार को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। नगर पालिका की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रयास किए जा रहे हैं।

## खाड़ी देशो में युद्ध के चलते बिगडऩे लगी घरेलू गैस की आपूर्ति,नागरिको की लगी भीड़

# बसेड़ी रोड स्थित गैस एजेंसी पर सप्लाई लेने पहुंचे उपभोक्ता

# गैस संचालक का आश्वासन,होली के त्यौहार के चलते बिगड़ी सप्लाई,दो दिन में होगा सुधार

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** ईरान और इजरायल के बीच खाड़ी में चल रहे युद्ध के कारण जहां पेट्रोल डीजल की परेशानी की आशंका है। वहीं घरेलू गैस को लेकर भी आमजन में यह भय देखा जा रहा है कि आगामी समय में गैस की आपूर्ति बाधित होगी। ऐसे में शहर की सबसे पुरानी बसेड़ी रोड स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर अब उपभोक्ता की लंबी लाइन देखी जा रही है। उपभोक्ता खुद ही डिलीवरी लेने एजेंसी पर पहुंच रहे हैं। गैस सप्लाई की गाड़ी आते ही मंगलवार की सुबह एजेंसी पर लंबी लाइन लग गई और लोग अपने सिलेंडरों को भरवाकर घर लेकर गए। हालांकि गैस एजेंसी संचालक के अनुसार किसी प्रकार की सप्लाई में ना तो कोई किल्लत है ना ही आपूर्ति में कोई बाधा है। होली के त्योहार से पिछले कुछ दिनों सप्लाई बाधित हुई थी जिससे डिमांड बढ़ गई है। एजेंसी पर गैस सप्लाई लेने आए अध्यापक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी उन्होंने मोबाइल से गैस डिलीवरी के लिए पिछले 5 दिन पूर्व रजिस्ट्रेशन किया था लेकिन सप्लाई नहीं मिली। अब लोगों से पता लगा कि गैस की किल्लत है ऐसे में गोदाम से ही गैस डिलीवरी हो रही है।

---

## 15 मार्च से 19 मार्च तक होंगे राजस्थान दिवस समारोह के आयोजन

# जिला कलक्टर ने ली बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहित जैन)।** राजस्थान दिवस समारोह - 2026 के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। इसमें अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।



जिला कलक्टर लोक बन्धु ने कहा कि राजस्थान दिवस समारोह - 2026 के कार्यक्रमों का आयोजन संवत्सर के अनुसार रविवार 15 मार्च से 19 मार्च तक किया जाएगा। इसके अन्तर्गत 15 मार्च को जिला स्तर पर विकसित रन का आयोजन किया जाएगा। यह रन प्रातः 7 बजे पुरानी चौपाटी से आरम्भ होगी। इसके लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर नरेन्द्र कुमार मीणा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। राजस्थान दिवस समारोह के औपचारिक शुभारंभ के साथ ही राजस्थान को जाने डिजिटल क्विज का रजिस्ट्रेशन आरम्भ होगा। इसका नोडल विभाग स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग होंगे। विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में निबंध, भाषण एवं चित्रकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। एक जिला एक उत्पाद मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन उद्योग विभाग द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 16 मार्च को राजस्थान जन जातिय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए पर्यवेक्षण अधिकारी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश होंगे। इसके लिए नोडल अधिकारी जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवदान सिंह है। इसी प्रकार 17 मार्च को युवा सम्मेलन का आयोजन जयपुर में किया जाएगा। इसके लिए पर्यवेक्षण अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर नरेन्द्र कुमार मीणा होंगे। युवा सम्मेलन में भाग लेने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। राजस्थान को जाने क्विज का जिला स्तरीय आयोजन 17 मार्च को रखा गया है। इसके नोडल विभाग स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा विभाग होंगे।

उन्होंने कहा कि 18 मार्च को किसान एवं पशुपालक समृद्धि दिवस पर किसानों एवं पशुपालकों से सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दिन सायंकाल में राजकीय मंदिरों में आरती कार्यक्रम तथा महाआरती की जाएगी। इसके आयोजन के लिए पर्यवेक्षण अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी तथा नोडल अधिकारी देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश कुमार बचानी को बनाया गया है। राजस्थान दिवस के मुख्य समारोह में 19 मार्च को लाभार्थी सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें लाभार्थियों के साथ संवाद एवं लाभ हस्तांतरण किया जाएगा। सायंकाल में अतिशबाजी एवं जिला स्तर पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नोडल विभाग पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश, अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी, वन्दना खोरवाल एवं नरेन्द्र कुमार मीणा, उपखण्ड अधिकारी गरिमा नरूला, नगर निगम उपायुक्त अनिता चौधरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण का संदेश देने शक्ति ऑन व्हील्स कार रैली उदयपुर पंहुची, अजमेर के लिये हुई रवाना



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** महिला सशक्तिकरण का संदेश देने रोटरी प्रान्त 3056 के रोटरी क्लब पर्ल की ओर से 8 मार्च को जयपुर से शक्ति ऑन व्हील्स कार रैली को रवाना किया, जो राज्य के विभिन्न जिलों से होती हुई कल रात को उदयपुर पंहुची। जहां शहर के विभिन्न रोटरी क्लबों ने स्वागत किया।

प्रोजेक्ट चेयरपर्सन डॉ. ऋतु वैष्णव ने बताया कि पीडीजी निर्मल सिंघवी ,पूर्व प्रान्तपाल एकेएस डॉ.निर्मल कुणावत, और डीजीएन दीपक सुखाडिय़ा,रोटरी क्लब उदयपुर, रोटरी क्लब उदय,रोटरी क्लब वसुधा,रोटरी मींरा के पदाधिकारियों ने झण्डी दिखाकर वाहन रेली को आगे के लिये रवाना किया। रोटरी क्लब उदयपुर के अध्यक्ष दीपक मेहता ने बताया कि रैली जयपुर से रवाना हो कर,कोटा,मालपुरा,चित्तौड़,भीलवाड़ा होती कल रात को उदयपुर पंहुची। जहां रैली सदस्य महिलाओं का भव्य स्वागत किया गया। आज यह रैली पाली, अजमेर, दौसा होती हुई कल पुनः जयपुर पंहुचेगी।

इस अवसर पर रोटरी क्लब उदयपुर के अध्यक्ष दीपक मेहता, सचिव विनीत दमानी,डॉ.सीमा सिंह, रेखा सोनी,मुकेश गुरानी, रोटेरियन ऐश्वर्या सिंह, शरद राठौड़,रोटेरियन यश कुनावत, कविता बलदवा,शालिनी भटनागर, अशोक वीरवाल,अनीता सहित अनेक रोटरी सदस्यों का सहयोग रहा।

# नवपद ओली आराधना एवं एकादशान्हिका महोत्सव 24 से

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सुरेखादेवी लोढ़ा चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा वल्लभनगर स्थित मोती कृष्ण गोधाम में नवपद ओली आराधना एवं श्री नाकोड़ा कामधेनु पार्श्वनाथ जिनालय की द्वितीय वर्षगाँठ के उपलक्ष में 24 मार्च से एकादशान्हिका महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष हस्तीमल लोढ़ा ने बताया कि पन्यास निरागरत्न विजय म. सा.,साध्वीश्री कीर्तिरेखाश्रीजी म. सा. के सुशिष्या की निश्रा में ओली एवं ध्वजा महोत्सव समारोह आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 24 मार्च को धारणा एवं 25 मार्च को अत्रनपद ओली आराधाना एवं ध्वजा महोत्सव आयोजित होगा। 3 अप्रेल को पारणा होंगा। उन्होंने बताया कि नवपद आयम्बिल से जैनशासन के हार्द नमस्कार मन्त्र का प्रभाव, शारिरिक, मानसिक पीडाओं का निवारण,मौसम परिवर्तनादि जैसी समस्याओं का समाधान, कलयुग के बढ़ते दुष्पभाव से अपने आपको बचाना जैसे कार्य सम्पन्न होते है।

लोढ़ा ने बताया कि समस्त नाकोड़ा पूर्णिमा मंडल,श्री नाकोड़ा पार्श्व भैरव भक्ति मंडल, से. 4, उदयपुर द्वारा 25 मार्च को ध्वजा कार्यक्रम में जाने हेतु बस की सुविधा उपलब्ध है। इसके इन्चार्ज मनोहर तलेसरा है।

# वर्कमैन फूड से संबंधित तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (नि.स.)।** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित रैंप कार्यक्रम के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र में कार्यरत वर्कमैन के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सफलता पूर्वक संपन्न हुई। यह कार्यशाला 9 मार्च से 11 मार्च में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में फूड वर्कमैन से संबंधित 30 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक बलवान सिंह चौधरी एवं नवीन जांगिड़ द्वारा प्रतिभागियों को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) योजनाओं, सरकारी सहायता, उद्योग पंजीकरण, वित्तीय सहायता, तथा बाज़ार से जुड़ाव से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को फूड प्रोसेसिंग की आधुनिक तकनीकों, उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, फूड सेफ्टी एवं स्वच्छता मानकों, तथा कार्यस्थल व सुरक्षा के बारे में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किस प्रकार से अपने कौशल को रोजगार एवं स्वरोजग़ार के अवसरों में परिवर्तित कर सकते हैं।कार्यक्रम के दूसरे दिन सभी प्रतिभागियों को शिवम बीकानेरी रसगुल्ला उद्योग, पावटा का औद्योगिक भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पाद तक की पूरी प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस फील्ड विज़िट के माध्यम से प्रतिभागियों ने मशीन संचालन, गुणवत्ता जांच, भंडारण व्यवस्था और उत्पादन प्रबंधन की व्यवहारिक समझ विकसित की। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर जिला उद्योग केंद्र, तिजारा द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, अनुदान, प्रशिक्षण एवं रोजगार से जुड़ी संभावनाओं की जानकारी भी साझा की।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के फूड वर्कमैन को तकनीकी रूप से दक्ष बनाना, उन्हें नई तकनीक, आधुनिक प्रबंधन पद्धतियों एवं सरकारी योजनाओं से जोडक़र उनकी रोजगार क्षमता एवं आत्म निर्भरता को बढ़ावा देना रहा।

## राजस्थान पटवार संघ का विरोध प्रदर्शन,छह सूत्रीय मांगो को लेकर दिया ज्ञापन

# अधिकारी बना रहे दबाव,समय पर नहीं हो रहा वेतन भुगतान,कार्य बहिष्कार की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राजस्थान पटवार संघ द्वारा मंगलवार को तहसील कार्यालय में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा को छह सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा है। तहसील के पटवारी और गिरदावरो ने आरोप लगाया है कि उन पर सरकार द्वारा चलाये जा रहे किसान रजिस्ट्रेशन कार्य को लेकर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। जबकि मार्च महीने में वसूली का काम पहले से ही पेंडिंग चल रहा है। ऐसे में उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि दो दिवस में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो समस्त पटवारी कार्य बहिष्कार करेंगे। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया की सरकार का हर काम वे ही जनता तक पहुंचाते हैं। बाड़ी तहसील का काम जिले में हमेशा अव्वल रहा है। वर्तमान में हालात यह हैं कि बाड़ी में 45 सर्किल है जबकि केवल 18 पटवारी ही कार्यरत हैं। ऐसे में एक पटवारी को तीन हल्का का काम दे रखा है।जिसको भी वह पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा उनको



अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है और हर महीने वेतन का भुगतान समय पर नहीं हो रहा। फरवरी महीने का भुगतान अभी तक पेंडिंग है। ऐसे में समस्त पटवारी मानसिक रूप से परेशान है। जिसको लेकर अब गिरदावर संघ और पटवार संघ दोनों की सहमति से तहसील कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा को ज्ञापन सौंपा है साथ में चेतावनी दी है कि यदि दो दिवस में उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो बेकार बहिष्कार करेंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान राजस्थान पटवार संघ के महामंत्री रामनिवास भोंदू,उपाध्यक्ष सुनीता मीणा,कोषाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य,संगठन मंत्री हरविंदर सिंह गुर्जर,संयुक्त मंत्री हरिओम सिंह,मनफूल चौधरी,सुरेश गोदारा,दीपक गौड़,नवीन कुमार, अन्नू कुमारी,विश्वेन्द्र सिंह,अमित कुमार,अरुण कुमार के साथ गिरदावर संघ के लोकेंद्र चौधरी,मोहम्मद सईद,विजेंद्र गोयल,हरदेश पाठक,पिंकी मीणा,मनीष चन्देलवाल,सुनील परमार,जितेंद्र मीणा,अमर सिंह मीणा,खगेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप
## डाकघर परिसर खाली कराकर पुलिस ने चलाया सघन सर्च अभियान

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के पुलिस थाने के निकट स्थित उप डाकघर में संचालित पासपोर्ट सेवा केंद्र को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मंगलवार को पूरे क्षेत्र में भारी हडक़ंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, जयपुर स्थित सीआईडी मुख्यालय को एक ई-मेल प्राप्त हुआ था, जिसमें कोटपूतली स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र को 'साइनाइड बम' से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी।ई-मेल में 'अल बदर' और 'मद्रास टाइगर्स' का जिक्र पासपोर्ट अधिकारी विष्णु यादव ने बताया कि ई-मेल में पाकिस्तान से जुड़े 'अल बदर' नेटवर्क और 'मद्रास टाइगर्स' के हवाले से एलेक्स पॉल मेनन नामक व्यक्ति का जिक्र था।



ई-मेल में दक्षिण भारत के 2000 करोड़ रुपये के ड्रग्स मामले और डीएमके नेता जाफर सादिक की गिरफ्तारी को महज एक दिखावा बताया गया था। इस गंभीर संदेश के मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए और राजस्थान के सभी पासपोर्ट कार्यालयों में अलर्ट जारी कर दिया गया।

### प्रशासन और पुलिस की त्वरित कार्रवाई

सूचना मिलते ही कोटपूतली प्रशासन और पुलिस महकमा तुरंत हरकत में आ गया। डीएसपी राजेंद्र कुमार बुरडक़, एसएचओ राजेश शर्मा और जिला विशेष शाखा के एसआई कश्मीर सिंह भारी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। एहतियात के तौर पर कार्यालय के कर्मचारियों और वहां मौजूद ग्राहकों को तुरंत बाहर निकालकर पूरे परिसर को खाली करवा दिया गया।

पुलिस और सुरक्षा टीमों ने आधुनिक उपकरणों व मेटल डिटेक्टर की सहायता से बिल्डिंग के प्रत्येक कोने, छतों, अलमारियों, फाइलों के ढेरों और बाहर खड़े वाहनों की बारीकी से जांच की। साइनाइड बम की धमकी के कारण सुरक्षा बल बेहद सतर्क नजर आए। हालांकि, घंटों की कड़ी मशक्कत और सघन तलाशी के बाद परिसर में कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### आमजन को हुई परेशानी, जांच जारी

इस घटनाक्रम के कारण पासपोर्ट बनवाने आए दूर-दराज के लोगों और डाकघर के रोजमर्रा के कार्यों के लिए आए नागरिकों को बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ा। पुलिस ने सुरक्षा कारणों से लोगों को अगले दिन आने की हिदायत दी।

फिलहाल, जयपुर सीआईडी और स्थानीय पुलिस की स्पेशल टीमें ई-मेल के स्रोत और लोकेशन का पता लगाने में जुटी हैं। क्षेत्र में एहतियातन निगरानी बढ़ा दी गई है।

# परिवहन विभाग की ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही
## 03 उड़न दस्तों ने 12 वाहन जप्त कर करीब 10 लाख का लगाया जुर्माना



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला परिवहन अधिकारी सुनील सैनी के नेतृत्व में मंगलवार को 03 उडऩ दस्तों द्वारा 12 वाहनों को जप्त कर लगभग 10 लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया हैं। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## नगर परिषद प्रशासन की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्माणों पर कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय नगर परिषद प्रशासन द्वारा मंगलवार 10 मार्च को नगर परिषद् क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्माणों पर कार्यवाही की गई। जिसमें निर्माण संबंधित सामग्री जप्त की गई। इस दौरान सचिव अभिषेक सैनी, राजस्व अधिकारी कृष्ण कुमार यादव, कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार गुर्जर, वरिष्ठ प्रारूपकार मोहन कुमार गुर्जर आदि अधिकारियों की निगरानी में अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्माणों को हटाने की कार्यवाही की गई।

## साईकिलें पाकर बालिकाओं के खिले चेहरे



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के ग्राम पंचायत पवाना अहीर के सेठ मूलचंद प्रभुदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 09 की 18 बालिकाओं को साईकिलें वितरित की गई। साईकिलें पाकर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। अब उन्हें विद्यालय आने जाने में आसानी रहेगी। प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव ने बताया कि राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बालक-बालिकाओं को विभिन्न योजनाओं द्वारा लाभान्वित किया जाता है। प्राचार्य भागीरथ सिंह मीणा, प्राचार्य कृष्ण कुमार खजोतिया व प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव सहित स्टॉफ द्वारा बालक-बालिकाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ देते हुये अच्छी पढ़ाई कर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

## एयर शो में अमूल्य योगदान देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों को भारतीय वायु सेना ने किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के जलमहल पाल पर 20 और 22 फरवरी 2026 को सूर्य किरण एरोबैटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम द्वारा किए गए साहसिक और सफल हवाई प्रदर्शनों में नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए अमूल्य



योगदान पर उन्हें सम्मानित करने के लिए मंगलवार को एयर फोर्स स्टेशन, जयपुर में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दक्षिण-पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक जलमहल की पाल पर हुए इन एयर डिस्प्ले में आम जनता ने भारी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस आयोजन ने न केवल भारतीय वायु सेना की सटीक उड़ान और पेशेवर दक्षता का प्रदर्शन किया, बल्कि वायु सेना और नागरिक प्रशासन के बीच के सुदृढ़ आपसी तालमेल को भी उजागर किया। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के बड़े सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रमों के आयोजनों में भारतीय वायु सेना और नागरिक प्रशासन के बीच निरंतर और मजबूत सहयोग पर जोर दिया है। उन्होंने भारतीय वायु सेना के एयरशो में उत्कृष्ट सहयोग और समर्थन देने पर श्री नवीन जैन, प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, राजस्थान सरकार, डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, जिला कलेक्टर, जयपुर, श्री सचिन मित्तल, पुलिस कमिश्नर, जयपुर, श्री आदित्य नारायण रावत, अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी के दशम पाटोत्सव पर जयपुर में श्रीमद् भागवत सप्ताह 26 मार्च से





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी भगवान के दशम पाटोत्सव के उपलक्ष्य में सेवा कुंज आश्रम, सेक्टर-23, प्रताप नगर, महल रोड, जयपुर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन संत बाबा श्री कृष्ण शरण (कल्याण दास जी) महाराज के सानिध्य में 26 मार्च 2026, गुरुवार (अष्टमी) से 2 अप्रैल 2026 तक संपन्न होगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीमद् भागवत सप्ताह, भक्ति-ज्ञान यज्ञ, श्रीमद् भागवत गीता मूल पाठ, अष्टोत्तरशतनाम एवं गोपाल सहस्त्रनाम पाठ, नवाह्न परायण रामचरितमानस पाठ, रासलीला तथा अखंड हरिराम संकीर्तन जैसे धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। आयोजन की शुरुआत 26 मार्च को प्रातः 7.00 बजे गणेश स्थापना के साथ होगी। इसके बाद गोल्डन डोम से कलश यात्रा रवाना होकर सेवा कुंज आश्रम पहुंचेगी। कार्यक्रम में करौली, जयपुर सहित विभिन्न शहरों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे।

## विधानसभा में गूंजा महिला अधिवक्ता से अश्लील हरकत-मारपीट का मामला
# विधायक गोपाल शर्मा ने उठाया प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर, आरोपी सिविल लाइंस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** होली के दिन एक महिला अधिवक्ता के साथ सार्वजनिक स्थल पर अश्लील हरकत और उनके परिजनों के साथ मारपीट के मामले को लेकर विधायक गोपाल शर्मा ने राजस्थान विधानसभा में प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर के माध्यम से गंभीरता से मुद्दा उठाया। सिविल लाइंस विधायक शर्मा ने सदन में कहा कि होली जैसे सामाजिक सद्भाव और उल्लास के पर्व पर दिनदहाड़े सार्वजनिक स्थान पर महिला अधिवक्ता के साथ अश्लील हरकत और मारपीट की घटना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में आरोपी सिविल लाइंस ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष है, जो आदतन अपराधी बताया जा रहा है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पीडि़त पक्ष पर समझौते के लिए पैसे की पेशकश करने और 'आगे देख लेने' की धमकी देने के भी आरोप सामने आए हैं। मामला उठने पर विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने आपत्ति जताई और सदन में कुछ समय के लिए हंगामे की स्थिति बन गई। इस पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने विपक्ष पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता आरोपी का बचाव कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायकों की पिछली कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियों का भी स्मरण कराते हुए कहा कि सदन में मर्यादा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। हंगामे के बीच सभापति ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि घटना को गंभीरता से लिया गया है और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कानून के अनुसार दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। विधायक शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले ऐसे अपराधी तत्वों के खिलाफ त्वरित और ठोस कार्रवाई होना आवश्यक है।

# क्रायोविवा का 'मॉमी मेकओवर' कार्यक्रम 15 मार्च को जयपुर में, ग्लो वॉक और कपल शो होंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रेग्नेंसी और न्यूबॉर्न हेल्थ के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मदरहुड को सेलिब्रेट करने के लिए क्रायोविवा लाइफ साइंसेज़ 15 मार्च को जयपुर में 'मॉमी मेकओवर' का खास कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस पहल का उद्देश्य है कि प्रेग्नेंट महिलाएं और उनके जीवनसाथी एक साथ यहां आकर हेल्थ, पैरेंटहुड और प्रीनेटल केयर से जुड़ी जानकारी हासिल करें और मजेदार गतिविधियों का अनुभव लें। कार्यक्रम को इंटरएक्टिव तरीके से तैयार किया गया है। इसमें माता-पिता न केवल जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, बल्कि कई रोचक गतिविधियों में भी भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम में हेल्थ एक्सपर्ट्स की ओर से हेल्थ टॉक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रीनेटल केयर, मां और नवजात की सेहत तथा




शुरुआती बचपन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। इस सत्र का उद्देश्य माता-पिता को भरोसेमंद और व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना है। इस आयोजन में कई अनुभवात्मक गतिविधियां होंगी, जैसे मॉमी मेकओवर एक्सपीरियंस, प्रेग्नेंसी ग्लो वॉक, वेल-ड्रेस्ड कपल शो, बेबी-केयर थीम्ड गेम्स और कपल्स के लिए इंटरएक्टिव सेशन्स। इन गतिविधियों के जरिए होने वाले माता-पिता के लिए माहौल को मजेदार और उत्साहपूर्ण बनाया जाएगा। इस पहल के बारे में बताते हुए क्रायोविवा लाइफ साइंसेज़ के बिजनेस हेड - सेल्स एंड मार्केटिंग, संदीप उटेकर ने कहा, 'हमारा मानना है कि जानकारी और सहभागिता से प्रेग्नेंसी के दौरान परिवारों को सही फैसले लेने में मदद मिलती है। 'मॉमी मेकओवर' जैसी पहल माता-पिता को एक ऐसा प्लेटफॉर्म देती है, जहां वे गतिविधियों में भाग लेकर मैटरनल और न्यूबॉर्न वेलबीइंग के बारे में अधिक जान सकें। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक होगा। इसमें शामिल होने वाले कपल्स को विशेषज्ञों से बातचीत करने, रोचक गतिविधियों में भाग लेने, जानकारीपूर्ण हेल्थ टॉक्स सुनने और अन्य होने वाले माता-पिता के साथ अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा।

## तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने मंगलवार को मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है।

**आम सूचना** दिनांक 06 .03 .2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य पांचूराम कुमावत पुत्र श्री लिछमण कुमावत निवासी ग्राम डूंगरी खुर्द, तह. किशनगढ़ रेनवाल जिला जयपुर के स्वामित्व की अचल सम्पत्ति जो प्लाट नं. बी-9, खसरा नं. 1237, सालासर विहार ग्राम गोविन्दगढ, तह० चौमूं जिला जयपुर राज0 में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 116.66 वर्गगज है जो दिनांक 08.09.2014 को राधेश्याम पुत्र श्री गिरधारी लाल से विजेन्द्र कुमार सैनी पुत्र श्री भगवान सहाय सैनी ने जरिये विक्रय पत्र खरीद की हुई थी तत्थपश्चात विजेन्द्र कुमार सैनी पुत्र श्री भगवान सहाय सैनी से मुकेश शर्मा पुत्र श्री मोतीलाल शर्मा ने जो दिनांक 17.07.2017 को खरीद की हुई थी तत्थपश्चात मेरा अभिभाष्य ने मुकेश शर्मा पुत्र श्री मोतीलाल शर्मा से जरिये विक्रय पत्र दिनांक 24.12.2020 को खरीद किया हुआ है तथा मेरा अभिभाष्य ही उपरोक्त सम्पति के मालिक व स्वामी है तथा मूल विक्रय पत्र दिनांक 17.07.2017 का दिनांक 02.03.2024 को कही से गुम हो चुका है उक्त सम्पति पर मेरा अभिभाष्य ने UMMEED HOUSING FINANCE PRIVATE LIMITED Branch Chomu प्राप्त कर रहा है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के मालिकाना हक एवं कब्जे के सम्बन्ध में आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक 06 .03 .2026

कैलाश चन्द अग्रवाल (पटवारी)
एडवोकेट
राजस्थान हाईकोर्ट, जयपुर
मो. 9928371734,9314147813

# खण्डेलवाल वैश्य समाज का होली स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** खण्डेलवाल वैश्य समाज विकास सेवा समिति करघणी गोविन्दपुरा द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह साघा मैरिज गार्डन में धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 5.15 बजे समिति अध्यक्ष रमेशचंद धामाणी ने पदाधिकारियों के साथ श्यामजी की ज्योत प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मधुर वाणी में प्रस्तुत की गई धमाल ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया और उपस्थित लोग झूम उठे। कार्यक्रम में विधायक बालमुकुंदाचार्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए होली पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पार्षद विकास बारेठ ने खण्डेलवाल वैश्य समाज




की ओर से आयोजित इस होली स्नेह मिलन समारोह की सराहना की। इस अवसर पर खण्डेलवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेशचंद गुप्ता (तुगा वाले), रामकुटिया के महाराज राधा गोविन्ददेवजी के कृष्णजी महाराज सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों का समिति के महामंत्री नंदकिशोर वैद, कोषाध्यक्ष विकास काठ एवं अन्य पदाधिकारियों ने माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में महिलाओं तथा 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का विशेष सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पंगत में प्रसादी ग्रहण की और आपसी स्नेह व सौहार्द के साथ होली मिलन समारोह का आनंद लिया।

**कार्यालय राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी उप जिला अस्पताल, फुलेरा**

क्रमांकः- संस्था/निविदा/2026/228 दिनांक : 25.02.2026

**खुली निविदा सूचना - 05**

उप जिला अस्पताल फुलेरा में वित्तीय वर्ष 2026-2027 (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) की अवधि के लिये निम्नलिखित विवरण के अनुसार अधिकृत नियोक्ताओं/ अधिकृत वितरकों, विक्रेताओं / फर्मों से वार्षिक दर व संविदा आधार पर मोहरबंद निविदाएं तकनीकी - वाणिज्यिक एंव वित्तीय पृथक -2 आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र नीचे वर्णित मद के सम्मुख अंकित शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार क्रय समिति को होगा। निविदादाता प्रति निविदा फार्म 1000/- रुपए जमा करवाकर कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है।

| क्र. स. | सेवा का विवरण | अनुमानित लागत लाखों में | अमानत राशि | निविदा फॉर्म विक्रय करने की दिनांक | निविदा फॉर्म जमा करने की दिनांक | निविदा फॉर्म खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संस्थान में वितीय वर्ष 2026-2027 में पानी के टैंकर मंगवाने हेतु खुली निविदा (टेण्डर)। | 300000.00 | 6000.00 | 24.03.2026 से 27.03.2026 को सुबह 10.00 बजे से 02.00 बजे तक | 28.03.2026 को सुबह 12.00 बजे तक | 30.03.2026 को दोपहर 01.00 बजे से |

1. निविदा शर्तें कार्यालय समय पर प्राप्त कर सकते हैं।
2. धरोवर राशि मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फुलेरा के नाम से देय होगा।

Nib Code : NHS2526A4916
UBN No. : MHS2526SSOB07040

Dipr/C/5029/2026

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी,
राजकीय उप जिला चिकित्सालय,
फुलेरा (जयपुर)।

## सम्पादकीय

# आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू, गैस की कमी होने की आशंका

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के चलते देश में रसोई गैस के साथ वाहनों में प्रयुक्त होने वाली गैस की किल्लत रोकने के लिए केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करने का जो फैसला किया, वह यही बताता है कि गैस की कमी होने की आशंका उभर आई है और सरकार ऐसा नहीं होने देना चाहती। इस अधिनियम के लागू होने के बाद देश की तमाम रिफाइनरियों और पेट्रो केमिकल यूनिट्स को अपने अन्य उत्पादों की तुलना में एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देनी होगी। इसके अलावा सरकारी तंत्र को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि गैस की न तो जमाखोरी होने पाए और न ही उसकी कालाबाजारी। यह शुभ संकेत नहीं कि देश के कुछ शहरों में रसोई गैस की कालाबाजारी होने की आशंका उभर आई है। इसके अलावा इसका भी खतरा पैदा हो गया है कि मुनाफाखोर रसोई गैस सिलेंडरों की जमाखोरी कर सकते हैं। सरकारी तंत्र को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि गैस की किल्लत को लेकर अफवाहें न फैलने पाएं, क्योंकि जब ऐसा होता है, तब लोग अनावश्यक रूप से चिंतित हो जाते हैं। इस चिंता के कारण ही कहीं-कहीं गैस सिलेंडरों के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं। स्पष्ट है कि लोगों को भी धैर्य धारण करना होगा और अफवाहों को लेकर सचेत रहना होगा। यह ध्यान रहे कि चंद दिनों पहले पेट्रोल एवं डीजल की कोई कमी न



होने के बाद भी कुछ जगह ऐसी अफवाह फैल गई थी कि उनकी कमी होने जा रही है। इस स्थिति से तभी बचा जा सकता है, जब अफवाहों को फैलने से रोका जाए और संबंधित प्रशासन की ओर से आवश्यक सूचनाएं समय पर प्रसारित की जाती रहें। आखिर जब संबंधित मंत्रालय और विभागों की ओर से इसके लिए आशवस्त किया जा रहा है कि फिलहाल गैस की कोई कमी नहीं, तब फिर किसी को बिना जरूरत अतिरिक्त गैस सिलेंडर पाने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। यह सही है कि पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है, क्योंकि उनकी आपूर्ति करने वाला होर्मुज जल मार्ग ठप हो गया है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि सरकार रूस, कनाडा के अलावा अफ्रीकी देशों से तेल के साथ गैस की आपूर्ति के हरसंभव जतन कर रही है। गैस की कमी रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारों को भी सचेत रहना होगा। उचित यह होगा कि जैसे केंद्र सरकार ने जमाखोरी-कालाबाजारी पर निगरानी के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की, वैसी ही समितियां राज्य सरकारें भी गठित करें। इसी के साथ यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि न तो घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर में कमी आने पाए और न ही कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत होने पाए, क्योंकि इससे होटल-रेस्त्रां उद्योग प्रभावित होंगे और इसका असर अन्य अनेक लोगों पर भी पड़ेगा।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

- 11 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1996 - सैटेनिक वर्सेज के लेखक सलमान रुश्दी के ख़िलाफ़ फ़तवा को ईरान ने वापस लिया।
- 1999 - इंफोसिस कंपनी पहली भारतीय कंपनी है जो नशदाक (ह्रस्ष्क्त) अंतरराष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज की सूची में आई।
- 2001 - संयुक्त राष्ट्र महासचिव कोफी अन्नान का एशिया के चार देशों की यात्रा पाकिस्तान से प्रारम्भ, अन्नान कश्मीर पर भारत के रुख़ से सहमत, बौद्ध प्रतिमाओं के ध्वंस के संबंध में तालिबान ने अन्नान का अनुरोध ठुकराया।
- 2004 - स्पेन में तीन रेलवे स्टेशनों पर हुए बम विस्फोटों में 190 मरे, 1200 घायल।
- 2006 - यूनानी संसद ने दाह-संस्कार को अनुमति देने वाले क़ानून को बहुमत से पारित किया।
- 2008 -
- मेघालय में 8वीं विधान सभा के 57 सदस्यों ने शपथ ली। उत्तर प्रदेश के दोनों सदनों में विनियोग विधेयक ध्वनि मत से पारित हुआ।
- पाकिस्तान के लाहौर में दो आत्मघाती विस्फोटों में 26 लोग मारे गये। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के यान एंडेवर ने अंतरिक्ष स्टेशन की ओर उड़ान भरी।
- 2011- भारतीय रक्षा वैज्ञानिकों ने उड़ीसा के समुद्र तट पर 350 किलोमीटर दूर तक मार करने वाली धनुष और पृथ्वी मिसाइलों का सफल परीक्षण किया।
- 11 मार्च को जन्मे व्यक्ति
- 1915 - विजय हज़ारे - भारत के जानेमाने क्रिकेट खिलाड़ी थे।
- 1925 - मदनसिंह मतवाले - हैदराबाद रियासत के साथ संघर्ष करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक।
- 1927 - वी. शांता - रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता भारतीय महिला चिकित्सक थीं।
- 1939 - सुदर्शन साहू - प्रसिद्ध भारतीय मूर्तिकार हैं।
- 1942 - अमरिंदर सिंह - पंजाब के मुख्यमंत्री
- 1951 - डॉ. अशोक बंसल - जानेमाने भारतीय पत्रकार और लेखक हैं।

## विशेष आलेख

# वैश्विक युद्धोन्माद के बीच विश्व शांति की पुकार



ललित गर्ग

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद विश्व ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी जिसमें शक्ति को नियमों और संस्थाओं के माध्यम से नियंत्रित किया जा सके। लगभग आठ दशकों तक यह वैश्विक व्यवस्था अनेक उतार-चढ़ावों के बावजूद किसी-न-किसी रूप में कायम रही। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, बहुपक्षीय समझौते, कूटनीतिक संवाद और साझा नियम-इन सबका उद्देश्य यही था कि दुनिया 'मत्स्य-न्याय' यानी शक्तिशाली द्वारा कमजोर को निगल जाने की प्रवृत्ति से बची रहे। इसी सोच के तहत युनाइटेट नेशनस्, वर्ल्ड ट्रेड ऑरगेनाइजेशन, वर्ल्ड हेल्थ ऑरगेनाइजेशन, यूनेस्को और अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों की स्थापना हुई। इन संस्थाओं ने विश्व राजनीति को पूरी तरह आदर्श नहीं बनाया, लेकिन उन्होंने कम-से-कम इतना अवश्य सुनिश्चित किया कि शक्ति के साथ नियम और नैतिकता का एक आवरण बना रहे। परंतु आज यह व्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही है। विश्व राजनीति में एक नया रुझान तेजी से उभर रहा है जिसमें सहयोग, संवाद और बहुपक्षीयता की जगह एकपक्षीय कार्रवाई, सैन्य शक्ति और त्वरित लाभ की मानसिकता को प्राथमिकता दी जा रही है। विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका की नीतियों ने इस प्रवृत्ति को और तेज कर दिया है। जो देश कभी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था का प्रमुख निर्माता और संरक्षक था, वही अब अनेक अंतरराष्ट्रीय समझौतों और संस्थाओं से दूरी बनाता दिखाई देता है। ट्रंप के पहले कार्यकाल में ही यह संकेत मिल गया था जब अमेरिका ने पेरिस क्लाइमेंट अग्रीमेंटस्, इरान न्यूक्लियर डील्स्, विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से खुद को अलग करने की प्रक्रिया शुरू की। इन कदमों का संदेश यह था कि यदि किसी समझौते से तात्कालिक राष्ट्रीय हित प्रभावित होते हैं तो उसे छोड़ देना ही बेहतर है। इससे वैश्विक सहयोग की उस भावना को गहरा आघात पहुंचा, जो दशकों से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आधारशिला रही है। आज स्थिति और भी जटिल हो गई है। दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष सामान्य घटनाओं की तरह स्वीकार किए जाने लगे हैं। चार वर्षों से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध और दो वर्षों से चल रहा गाजा युद्ध इसका सबसे दुखद एवं विडम्बनापूर्ण उदाहरण हैं। इन संघर्षों ने लाखों लोगों के जीवन को संकट में डाल दिया है, शहरों को खंडहर में बदल दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर बना दिया है। युद्ध की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह किसी स्थायी समाधान की ओर नहीं ले जाता। युद्ध में विजय का दावा करने वाले भी अंततः विनाश और पीड़ा के साथ ही जीते हैं। इतिहास गवाह है कि युद्ध ने कभी भी मानवता को गौरव नहीं दिया; उसने केवल तबाही, भय और अस्थिरता को जन्म दिया है। युद्ध के परिणामस्वरूप पर्यावरण का भारी नुकसान होता है, आर्थिक संसाधन नष्ट हो जाते हैं, महंगाई बढ़ती है, रोजगार के अवसर घटते हैं और समाज में असुरक्षा तथा अविश्वास की भावना गहरी हो जाती है।

आज विश्व के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि युद्ध और हिंसा धीरे-धीरे सामान्यीकृत होते जा रहे हैं। अनेक बार युद्ध का उद्देश्य वास्तविक समाधान नहीं बल्कि घरेलू राजनीति में छवि निर्माण, शक्ति प्रदर्शन या आंतरिक संकटों से ध्यान हटाना बन जाता है। ऐसी परिस्थितियों में वैश्विक नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानून दोनों कमजोर पड़ते हैं। यदि शक्तिशाली देश ही नियमों को तोडऩे लगें तो पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता खतरे में पड़ जाती है। मानवाधिकारों के प्रश्न पर भी दोहरे मानदंड दिखाई देते हैं। किसी एक देश की आलोचना की जाती है, लेकिन उसी तरह के कृत्यों पर दूसरे देशों के संदर्भ में चुप्पी साध ली जाती है। इससे मानवाधिकार एक सार्वभौमिक मूल्य के बजाय भू-राजनीतिक बहस का उपकरण बन जाते हैं। यदि विश्व समुदाय वास्तव में मानवता की रक्षा करना चाहता है तो उसे हर देश के लिए समान मानदंड अपनाने होंगे। इन परिस्थितियों में यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या दुनिया फिर से उस दौर की ओर बढ़ रही है जहां 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' ही अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नियम बन जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो यह केवल छोटे देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानव सभ्यता के लिए गंभीर खतरा होगा। भारत का ऐतिहासिक दृष्टिकोण इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुपक्षीय सहयोग की नीति का समर्थन किया है। भारत का यह विश्वास रहा है कि वैश्विक समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। यही कारण है कि भारत ने हमेशा शांति, संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। आज जब विश्व व्यवस्था डगमगा रही है, तब भारत की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत न केवल एक उभरती आर्थिक शक्ति है बल्कि एक ऐसी सभ्यता का प्रतिनिधि भी है जिसने सदियों से अहिंसा, सह-अस्तित्व और मानवता के मूल्यों को महत्व दिया है। महात्मा गांधी की अहिंसा की परंपरा और भारत की आध्यात्मिक विरासत आज भी विश्व को दिशा दे सकती है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने बढ़ते वैश्विक प्रभाव का उपयोग विश्व शांति की दिशा में और अधिक सक्रिय रूप से करें। पिछले वर्षों में भारत ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति, सहयोग और विकास की बात को प्रमुखता से उठाया है। अब समय आ गया है कि इस पहल को और व्यापक बनाया जाए। भारत को चाहिए कि वह वैश्विक स्तर पर युद्धविराम, संवाद और कूटनीतिक समाधान के लिए पहल करे। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष हो या पश्चिम एशिया की त्रासदी-इन सबके समाधान के लिए संवाद की नई पहल आवश्यक है। भारत यदि मध्यस्थता और शांति प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाए तो वह विश्व राजनीति में एक संतुलनकारी शक्ति बन सकता है। इसके साथ ही परमाणु हथियारों और शस्त्रों की होड़ पर भी गंभीर चिंतन आवश्यक है। आज दुनिया में जिस गति से आधुनिक हथियारों का भंडार बढ़ रहा है, वह मानवता के लिए गंभीर खतरा है। किसी भी क्षण किसी राष्ट्र की नासमझी या राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी दुनिया को विनाश के कगार पर ला सकती है।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

# युद्ध की विभीषिका: हारती मानवता और सिसकता विश्व



सुनील कुमार महला

*पिछले कुछ समय से अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया को अनिश्चितता के भंवर में धकेल दिया है। सच तो यह है कि इस संघर्ष के कारण चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है ।*

युद्ध वास्तव में केवल सीमाओं पर नहीं लड़ा जाता, बल्कि उसका सबसे गहरा घाव मानवता की आत्मा पर लगता है। कहना गलत नहीं होगा कि आज का विश्व एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ प्रगति की बातें तो बहुत होती हैं, लेकिन धरातल पर विनाश की पदचाप साफ़ सुनाई देती है। पिछले कुछ समय से अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया को अनिश्चितता के भंवर में धकेल दिया है। सच तो यह है कि इस संघर्ष के कारण चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है और तबाही का मंजर करीब आता दिखाई दे रहा है। यह संघर्ष केवल दो-तीन देशों की सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, मानवीय संवेदनाओं और आने वाली पीढियों के भविष्य पर भी पड़ रहा है।

**युद्ध और आर्थिक तबाही**

यह एक कड़वा सच है कि युद्ध का सबसे पहला और प्रत्यक्ष प्रहार आम आदमी की जेब और पेट पर होता है। मध्य-पूर्व दुनिया के तेल और गैस का प्रमुख केंद्र है। जब भी यहाँ युद्ध जैसी स्थिति बनती है, तो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) बाधित हो जाती है। तेल और गैस की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि महंगाई को चरम पर पहुँचा देती है। एक गरीब परिवार के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी कठिन हो जाता है, क्योंकि युद्ध के कारण परिवहन और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है। यह आर्थिक संकट केवल एक देश तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे विश्व के लिए साझा संकट बन जाता है।

**अहम और विस्तारवाद की अंधी दौड़**

युद्ध कभी भी अचानक नहीं होते; इनके पीछे लंबे समय से पल रही कुंठाएँ, विस्तारवादी नीतियाँ और शासकों की मनमानी होती है। जब देशों के बीच संवाद समाप्त हो जाता है और 'अहम' (इगो) बड़ा हो जाता है, तब कूटनीति के रास्ते बंद हो जाते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज परमाणु हथियारों की होड़ ने मानव जाति को विनाश के उस मुहाने पर खड़ा कर दिया है जहाँ एक छोटी-सी गलती पूरी सभ्यता को मिटा सकती है। धार्मिक कट्टरवाद, जातीय संघर्ष और सीमा विवाद जैसे मुद्दे आग में घी डालने का काम करते हैं। जब शासक अपनी शक्ति के प्रदर्शन में अंधे हो जाते हैं, तो वे यह भूल जाते हैं कि जिस धरती को जीतने की कोशिश कर रहे हैं, उसे रहने लायक भी नहीं छोड़ेंगे।

**युद्ध:इंसानियत की हार**

इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं रहे। युद्ध केवल नए युद्धों का बीज बोते हैं। किसी भी संघर्ष में न कोई देश वास्तव में जीतता है और न ही कोई हारता है; अगर कुछ हारता है तो वह है मानवता।

सच तो यह है कि युद्ध के मैदान में बारूद की गंध के बीच सबसे पहले करुणा और दया की बलि चढ़ती है। जब बम गिरते हैं, तो वे यह नहीं देखते कि नीचे कौन है। मलबे के ढेर पर बैठकर बिलखते बच्चे, अपनों को खो चुकी महिलाएँ और बेबस बुजुर्ग इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि युद्ध कितना क्रूर होता है।

**(यह लेखक के अपने विचार है)**

## लघु कथा
बढ़ता राजस्थान

### परिवार की लाड़ली

एक साथ तीन पीढियां गांव के बस स्टेण्ड पर बस का इंतजार कर रही थीं। दादी,मां,पिता, बेटा और उसकी नई-नवेली बहू। बस स्टेण्ड हाइवे के किनारे था हालांकि यातायात की कमी नहीं थी लेकिन लोकल बसों की कमी थी। फलस्वरूप लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता था। समय गुजारने के लिये बेटे ने एक तरीका ढूंढ निकाला। वह आते-जाते ट्रकों के पीछे की लिखावटों को पढऩे लगा ।जरा जोर से ताकि सब सुन लें। कोई रोमांटिक सी बात होती तो बहू की ओर देख कर और जोर से बोलता। बहू घूंघट कुछ ऊपर उठाती नीचे का ओंठ दांतों तले दबाती और सबकी नजरें बचाते हुए पति की ओर आंखें तरेरती। पति को पत्नी के चेहरे की यह लिखावट ट्रक की लिखावट से भी ज्यादा रोमांचित कर देती। उसे इंतजार में भी अनोखा आनंद आने लगा। अभी-अभी मार्बल से लदा एक ट्रक गुजरा था। ओवरलोड। धीमी रफ्तार दर्द से कराहता हुआ सा, लिखा था, 'परिवार की लाडली। बेटे ने कहा, वो देखो परिवार की लाडली जा रही है और बड़े लाड़ से पत्नी को निहारा। हुंह, इतना तो बोझा लाद रखा है और परिवार की लाड़ली ! पत्नी ने व्यंग्य किया। सासूजी सुन रही थी उन्होंने तिरछी निगाहों से अपने पति व सास की तरफ देखा, फिर बोली,। इतना बोझा लाद रखा है तभी तो परिवार की लाड़ली है। वरना..... बहू ने महसूस किया कि सासूजी की आवाज घुट कर रह गई है।



## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# गर्मियों में वजन घटाने के लिए पिएं ये ड्रिंक्स, कुछ ही दिनों में लटकती तोंद हो जाएगी अंदर

**नींबू पानी:** अगर आप गर्मियों में अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं। दरअसल, नींबू में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जो शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ को बाहर निकलने में मदद करता है। रोजाना इसके सेवन से वेट लॉस तो होता ही है, साथ ही शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत बनती है।

**नारियल पानी :** नारियल पानी को बेस्ट समर ड्रिंक कहा जाता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर में इलेक्ट्रोलाइट को बैलेंस रखने में मदद करते हैं। इसके सेवन पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है और बार-बार भूख नहीं लगती है, जिससे आप ओवरईटिंग करने से बच सकते हैं। इससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है। साथ ही, शरीर को एनर्जेटिक रखने में भी मदद करता है।

**जीरा पानी :** गर्मियों में वजन घटाने के लिए आप जीरा पानी भी पी सकते हैं। दरअसल, इसके सेवन से पाचन तंत्र मजबूत बनता है और मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को बर्न करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप रात को एक चम्मच जीरा को एक गिलास पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को उबालकर पी लें।

**खीरे का जूस:** गर्मियों में वजन घटाने के लिए आप खीरे का जूस भी पी सकते हैं। दरअसल, इसमें पानी और फाइबर भरपूर मात्रा में मौजूद होता है। इसके सेवन से पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस होता है।




### मेष
आज का दिन आपके लिए थोड़ा उलझनों भरा रह सकता है। किसी काम को लेकर आपके मन में संशय या असमंजस बना रह सकता है, इसलिए यदि किसी निर्णय को लेकर मन पूरी तरह तैयार न हो तो जल्दबाज़ी में कदम उठाने से बचें।

### वृष
आज का दिन आपके लिए हल्का-फुल्का और आनंदमय रहने वाला है। परिवार के साथ समय बिताने का अच्छा मौका मिलेगा और यदि घर में किसी बात को लेकर समस्याएं चल रही थीं।

### मिथुन
आज आपको वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि किसी अचानक खराबी के कारण आपका अतिरिक्त खर्च बढ़ सकता है। दिन के दौरान आप परिवार या दोस्तों के साथ कहीं घूमने या पिकनिक पर जाने की योजना भी बना सकते हैं।

### कर्क
आज आपके और आपके पिताजी के बीच किसी बात को लेकर हल्की नोकझोंक हो सकती है, खासकर यदि बात व्यवसाय या कामकाज से जुड़ी हो। वे आपको कुछ सलाह दे सकते हैं।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में शामिल होने का संकेत दे रहा है। पूजा-पाठ या किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होकर आपको मानसिक शांति मिलेगी।

### कन्या
आज का दिन विद्यार्थियों के लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है। उन्हें किसी नई जगह सीखने या काम करने का अवसर मिल सकता है, जिससे उनका अनुभव बढ़ेगा।

### तुला
आज का दिन आपके लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। आप कहीं बाहर जाने या छोटी यात्रा की योजना भी बना सकते हैं।

### वृश्चिक
आज का दिन सामान्य रूप से ठीक-ठाक रहने वाला है। किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को लेते समय आपको अपनी बुद्धि और समझदारी का पूरा उपयोग करना होगा।

### धनु
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेकर आगे बढऩा होगा। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपके खिलाफ षड्यंत्र भी रच सकते हैं।

### मकर
आज का दिन आपको मेहनत और लगन से काम करने की प्रेरणा देगा। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है, जो आपके चेहरे पर मुस्कान ला देगा।

### कुंभ
आज आपको अपने बढ़ते हुए खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखने की जरूरत होगी। आपका मन खर्च करने में खुला रह सकता है, जिससे बजट बिगडऩे की संभावना है। जो लोग नया घर या मकान खरीदने की योजना बना रहे हैं।

### मीन
आज का दिन आपको हर निर्णय सोच-समझकर लेने की सलाह देता है। कार्यक्षेत्र में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से बचें, क्योंकि इससे गलती होने की संभावना बढ़ सकती है।

## संत दर्शन यात्रा:युवाओं में बढ़ रहा सनातन धर्म के प्रति विश्वास- मनोज पाराशर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** मंगलवार को मध्यप्रदेश के देवस्थानम पीठ के संस्थापक देश के ख्यातिप्राप्त संत रावतपुरा सरकार के पीठाधीश्वर रविशंकर महाराज के सवाई माधोपुर पहुँचने पर ब्राह्मण समाज विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक एवं संत दर्शन यात्रा के संरक्षक मनोज पाराशर ने उनसे भेंट कर दुपट्टा माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने रावतपुरा सरकार से सनातन धर्म एवं संस्कृति में युवाओं की भागेदारी पर विस्तृत चर्चा की! ग़ौरतलब है कि पाराशर द्वारा उनके संघठन के माध्यम से देश भर में टीम बनाकर सनातन संस्कृति एवं वैदिक संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए युवाओं को इस अभियान रूपी यात्रा से जोड़ा जा रहा है। अभी तक देश भर में सैंकड़ों युवाओं द्वारा देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर जाकर संतजनों महात्माओं धर्मगुरुओं एवं ज्योतिषाचार्यों कथावाचकों से भेंट कर उनका वंदन कर उन्हें संत समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया जा रहा है। पाराशर की संत दर्शन यात्रा की सराहना करते हुए रावतपुरा सरकार ने कहा की इस यात्रा से देश के युवाओं में आध्यात्मिक चेतना जाग्रत होगी साथ ही जातिवाद से मुक्त होकर सभी सनातनी परम्परा का अनुसरण करेंगे। इस यात्रा के माध्यम से सर्व समाज एकता के सूत्र में बंधेगा। इस अवसर पर रावतपुरा सरकार से वरिष्ठ समाज सेवी एवं उद्यमी ब्रजेश शुक्ला मत्स्य पालन विभाग के निदेशक जयप्रकाश यादव समाज सेवी हेमंत शर्मा लक्ष्मीकांत भारद्वाज सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी स्वागत कर भेंट की।

## गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र टोंक के अभ्यर्थियों की नामांकन प्रक्रिया 24 से 28 मार्च 2026 तक अजमेर में होगी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र टोंक के अभ्यर्थियों की वर्ष 2022 की नामांकन प्रक्रिया 24 से 28 मार्च 2026 तक जेल ट्रेनिंग स्कूल, घूघरा अजमेर में आयोजित की जायेगी। गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के कमाण्डेन्ट चाणक्य के जायसवाल ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा गठित चयन समिति (बोर्ड) के सदस्यों द्वारा सम्पन्न की जायेगी। नामांकन प्रक्रिया में इस केन्द्र के 138 रिक्त पदो के विरूद्ध 14 हजार 623 अभ्यर्थी भाग लेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को मोबाईल पर एसएमएस एवं ई-मेल द्वारा सूचना प्रेषित की जायेगी, तत्पश्चात् अभ्यर्थी दिये गये लिंक अथवा विभागीय वेबसाईट ीजजचरूध्ध्ीवउमण्तंरेजींदण्हवअण्पदध्ीवउमहनंतक पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउलोड कर सकते है। अलग-अलग जिलों में अभ्यर्थी को अलग-अलग समय पर उपस्थिति देने के लिए बुलाया जायेगा। सभी अभ्यर्थियों से सम्बन्धित प्रवेश-पत्र में वर्णित महत्पूर्ण निर्देशों की पूर्ण पालना की जानी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी को निर्धारित समय, तिथि एवं स्थान पर आवश्यक मूल दस्तावेजों मूल-निवास, आयु, शैक्षणिक योग्यता, विशेष योग्यता, जाति, चिकित्सा, विवाह पंजीयन, पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होना होगा। नामांकन स्थल पर प्रवेश करने के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को ग्राउण्ड से बाहर जाकर कोई भी दस्तावेज लाये जाने की अनुमति नही होगी। इससे सम्बन्धित अन्य जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01432-243969 पर संपर्क किया जा सकता है।

## केकड़ी -केला देवी नई रोडवेज बस सेवा शुरू,टोडारायसिंह में स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** राजस्थान रोडवेज ने आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लंबी दूरी की नई बस सेवा शुरू



की है। केकड़ी से केलादेवी जाने वाली बस के चालक व परिचालक विजय सिंह का टोडारायसिंह पहुंचने पर आमजन ने माल व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया व मुंह मीठा करा कर आगे की यात्रा के लिए उन्हें रवाना किया। कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अनुशंसा पर यह बस केकड़ी से सवा 8 बजे रवाना होकर साढ़े 9 बजे टोडारायसिंह, 11 बजे टोंक, निवाई, कोथून, लालसोट, दौसा, गंगापुर सिटी होते हुए करीब 4 बजे करौली पहुंचेगी वहीं शाम साढ़े 5 बजे केला देवी पहुंचेगी। बस का रात्रि विश्राम केला देवी में होगा और अगले दिन सुबह सवा 6 बजे केला देवी से रवाना होकर पौने 12 बजे टोंक पहुंचेगी वहां से 12 बजे रवाना होकर डेढ़ बजे टोडारायसिंह होते हुए करीब 3 बजे केकड़ी पहुंचेगी। केकड़ी डिपो के मैनेजर हेमराज मीणा ने बताया कि जल्द ही टोडारायसिंह मार्ग से करीब एक दर्जन लंबी दूरी की बसें और संचालित की जाएंगी, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

## निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** रोटरी क्लब टोंक बनास एवं शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन डाक बंगले में किया गया। क्लब के अध्यक्ष पार्षद बादल साहू ने बताया की रोटरी क्लब टोंक बनास द्वारा आज शिविर में लगभग 80 रोगियो का नैत्र परीक्षण किया गया एवं 25 रोगियो को आपरेशन के लिए पंजीकृत कर जयपुर ले जाया गया। इस कार्यक्रम में रो. रोहिताश्व कुमावत, रो. प्रमोद शर्मा, रो. मनु नाम,रो. सुनील जैन ,सत्यनारायण नाम, रो. डॉ प्रदीप गहलोत, रो. अनिल अजमेरा, पीयूष चौहान,प्रशांत बुंदेल, आदि उपस्थित रहे । डॉ आकाश राय एवं उनकी टीम इस कार्यक्रम के दौरान शंकरा आई हॉस्पिटल की तरफ से उपस्थित रही।

## युवक ने पंखे पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शिवाजी कॉलोनी की गली नंबर 14 में एक 17



वर्षीय युवक ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस के एएसआई कमलेश गूर्जर व भारती मीणा मय जाब्ता के साथ मौके पर पहुंचे। और युवक को फंदे से उतारकर राजकीय उप जिला चिकित्सालय लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। एएसआई कमलेश गुर्जर ने बताया कि सोमवार की शाम करीब 7:30 बजे दीपक वर्मा पुत्र कान्हा रैगर निवासी गली नंबर 14 वार्ड नंबर 32 शिवाजी कॉलोनी ने फंदे से झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक अपने बुजुर्ग दिव्यांग चाचा के साथ रहता था। उसकी मां मजदूरी कर जीवन यापन करती है। करीब 3 वर्ष पूर्व मृतक के पिता ने भी आत्महत्या कर ली थी।

# सनसनी: डाकघर को बम से उड़ाने की योजना बनाई है: पाकिस्तान के नाम से आया ईमेल

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान में बाघों की नगरी सवाईमाधोपुर शहर का माहौल मंगलवार को अचानक बदल गया। सुबह तक सब कुछ सामान्य था, कर्मचारी हर दिन की तरह अपने काम में व्यस्त थे। लेकिन दोपहर होते-होते एक ईमेल ने पूरे प्रशासन को हिला दिया। ईमेल में साफ लिखा था कि मुख्य डाकघर को बम से उड़ाने की योजना बनाई गई है। जैसे ही यह सूचना पुलिस तक पहुंची, पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

### हर कमरे व हर कोने में बारीकी से की जांच

मानटाउन थाना पुलिस, डीएसबी टीम और बम निरोधक दस्ता तुरंत मौके पर पहुंचे। सुरक्षा के लिहाज से पूरे परिसर को खाली कराया गया, कर्मचारियों को बाहर निकाला गया और चारों ओर घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू हुआ।
सूचना के बाद पोस्ट ऑफिस में हर कमरे, हर कोने की बारीकी से जांच की गई। घंटों चली इस कार्रवाई के बाद राहत की सांस तब मिली जब कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।
पुलिस का कहना है कि धमकी ईमेल के जरिए दी गई थी और साइबर टीम इसकी गहन जांच कर रही है। ईमेल भेजने वाले की पहचान कर उसे कानून के शिकंजे में कसने की तैयारी की जा रही है। यह पहली बार नहीं है जब जिले में इस तरह की धमकी सामने आई हो। इससे पहले भी स्कूलों, कॉलेजों और अदालतों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। हर बार जांच के बाद धमकी झूठी साबित हुई है, लेकिन हर बार शहर में डर और तनाव का माहौल जरूर बन जाता है।

### मेल ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए

कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी एएसआई के नाम से आए इस मेल ने सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े कर दिए हैं। मेल में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि दोपहर 1 बजे कार्यालय में बम ब्लास्ट किए जाएंगे। इस पर जिला पुलिस मुस्तैद रही। धमकी भरा मेल मिलते ही प्रशासन ने बिना देरी किए सुरक्षा के कड़े कदम उठाए गए। यहां दोपहर 1 बजे का समय होने के कारण पोस्ट ऑफिस को सील कर दिया गया। इस दौरान यहां मौजूद सभी स्टाफ व अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सुरक्षा के लिहाज से पूरे मुख्य डाकघर को भी खाली करवा लिया गया। इस दौरान डाकघर के मुख्य द्वार पर पुलिस जाब्ता तैनात कर दिया गया। जिससे कोई अंदर प्रवेश नहीं कर सके।

### डिटेक्टर की मदद से खंगाला हर कोना

मानटाउन थानाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि सवाई माधोपुर डाक अधीक्षक ने फोन कर सूचना दी थी कि मेल पर पोस्ट ऑफिस बिल्डिंग को बम से उड़ाने की सूचना मिली है?। सूचना मिलते ही सवाई माधोपुर जिला पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। मेटल डिटेक्टर की मदद से पूरे परिसर के चप्पे-चप्पे को खंगाला।

## वार्षिक निरीक्षण: राजस्व प्रकरणों के त्वरित निस्तारण व ई-फाइल प्रणाली को प्रभावी बनाएं- हेमंत डेरा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्व मंडल अजमेर के अध्यक्ष हेमंत कुमार गेरा मंगलवार को वार्षिक निरीक्षण के तहत सवाई माधोपुर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके आगमन पर जिला कलक्टर काना राम ने सर्किट हाउस में अगवानी की तथा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।
निरीक्षण के दौरान बोर्ड अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों की संचालन व्यवस्थाओं का अवलोकन कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने एक-एक शाखा का निरीक्षण करते हुए वहां कार्यरत कार्मिकों से संवाद किया तथा राजस्व प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली।
उन्होंने विशेष रूप से एलआर शाखा का निरीक्षण करते हुए राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों, फाइलों के निस्तारण, राजस्व मंडल में लंबित पत्रावलियों की तामील तथा विभिन्न रिर्पोटो की प्रेषण स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व कार्यों से संबंधित सभी प्रकरणों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा अनावश्यक रूप से कोई भी फाइल लंबित न रखी जाए।
बोर्ड अध्यक्ष ने ई-फाइल प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि सभी राजस्व प्रकरणों का निस्तारण डिजिटल प्रणाली के माध्यम से समय पर किया जाए।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट में संचालित विभिन्न पोर्टल और वेबसाइटों की भी जांच की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं से जुड़े भूमि आवंटन प्रकरणों तथा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का भी निर्धारित समय सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, उपखंड अधिकारी सवाई माधोपुर गौरव मित्तल सहित राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिवस समारोह को जनसहभागिता से मनाएं-जिला कलेक्टर



बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(पुरूषोत्तम जोशी)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कक्ष में बैठक ली। राजस्थान दिवस समारोह का शुभारंभ 15 मार्च से होगा। समारोह के तहत जिले भर में 15 से 19 मार्च तक विकसित राजस्थान रन, राजस्थान को जाने क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, मंदिरों में आरती समेत विविध कार्यक्रम होंगे। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों को जनसहभागिता के साथ समारोह को गौरवमयी और भव्य बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी प्लानिंग बनाकर कार्य करें। राज्य स्तर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 15 मार्च को विकसित राजस्थान रन का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान को जाने क्विज, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता जिले भर के महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में आयोजित होगी। जिले में ओडीओपी मेले व प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। 16 मार्च को राजस्थान जनजातीय गौरव दिवस, 17 मार्च को राजस्थान युवा शक्ति दिवस, 18 मार्च को मंदिरों में आरती, 19 मार्च को राजस्थान दिवस के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में एडीएम रामरतन सौंकरिया, सीईओ परशुराम धानका, एडीएम बीसलपुर भूपेंन्द्र यादव, एएसपी रतनलाल भार्गव, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक, मधुसूदन, एसडीओ टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, एसीपी श्याम सुंदर जांगिड़ समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

## जिला अस्पताल में 148 जांचें नि:शुल्क उपलब्ध कराने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार हब एंड स्पोक मॉडल के तहत जिला अस्पताल सवाई माधोपुर में मरीजों को विभिन्न जांचें नि:शुल्क उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्थान जयपुर के निर्देशों की पालना में सामान्य चिकित्सालय सवाई माधोपुर में 148 प्रकार की जांचें नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे मरीजों को बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेगी।
प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजराम मीना ने आदेश जारी कर जांचों के सुचारु संचालन और व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाए रखने के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके तहत डॉ. मानवेंद्र प्रताप शुक्ल, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी को मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी (जांच) योजना की रिपोर्टिंग एवं नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं डॉ. बनवारी लाल मीना, सहायक आचार्य (पैथोलॉजी) को कृष्णा लैब का चिकित्सा अधिकारी प्रभारी बनाया गया है। उनके सहयोग के लिए डॉ. गायत्री मीना, डॉ. हेमेन्द्र कुमार शर्मा तथा डॉ. दीपक शर्मा को भी दायित्व सौंपे गए हैं।
जांच व्यवस्था के संचालन की जिम्मेदारी वरिष्ठ तकनीकी सहायक वृंदावन मथुरिया को सौंपी गई है, जो कृष्णा लैब का संचालन सुनिश्चित करेंगे।
वहीं एम/एस कृष्णा डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड, पुणे द्वारा आवश्यक मशीनें, रिएजेंट्स तथा तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता एवं न्याय आपके द्वारा-लोक उयोगिता पर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टोडारायसिंह श्रीमती अनुभा सिंह की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन कार्यालय में वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च एवं मीडियेशन फॉर दी नेशन 2.0 अभियान के सफल आयोजन हेतु अधिवक्तागण के साथ मीटिंग आयोजित की गई।न्यायाधीश ने बताया कि 14 मार्च को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार पूरे राजस्थान में सभी जिलों में स्थित न्यायालयों में राजीनामा योग्य प्रकरणों का राजीनामे से निस्तारण हेतु लोक अदालत का आयोजन रखा गया है। लोक अदालत के माध्यम से वैवाहिक विवाद, बैंक अनादरण, राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, दुर्घटना दावा, वाणिज्यक विवाद, उपभोक्ता विवाद, घरेलू हिसां, सेवा संबंधित प्रकरण, ऋण वसूली प्रकरण, विभाजन से संबंधित प्रकरण एवं अन्य सिविल प्रकरण जो राजीनामा योग्य है को लोक अदालत में रखवाया जा सकता है। राजीनामा की भावना से निस्तारित प्रकरण में किसी पक्षकारन का न जीत होती न ही हार होती है जिससे पक्षकारान में सौहार्द की भावना बनी रहती है। लोक अदालत व मध्यस्थत एक सरल प्रक्रिया जिससे समय एवं धन की बचत भी होती हैं। माननीय न्यायाधीश ने समस्त अधिवक्तागण को राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारान से वार्ता कर थोडी भी राजीनामा की सम्भावना होने पर प्रकरणों को लोक अदालत में रैफर करवाने के लिए प्रेरित किया गया। मीटिंग के दौरान न्यायाधीश ने बताया की राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा 3 माह का विशेष अभियान मीडियेशन फॉर दी नेशन 2.0 जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। जिसके तहत न्यायालय द्वारा पक्षकारान अथवा अधिवक्तागण से विचार विमर्श कर उनके प्रकरणों को मध्यस्थता हेतु रैफर किया जा रहा हैं। उपस्थित अधिवक्तागण को अधिकाधिक प्रकरणों को मध्यस्थता हेतु रैफर करवाने एवं पक्षकारान को मध्यस्थ के समक्ष उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया ताकि प्रकरण में दोनो पक्षकारान के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा होकर प्रकरण का निस्तारण किया जा सके। मीटिंग के दौरान राकेश गांगवाल अध्यक्ष अभिभाषक संघ टोडारायसिंह सहित अधिवक्ता रामगोपाल नागर, भंवरलाल चौधरी, गोपाल लाल जाट, बलराम चौपडा, घनश्याम शर्मा, रामबाबू स्वामी, रामा सैनी, भानू प्रताप आदि उपस्थित रहे।

# कैलादेवी मेला: श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज की चलेंगी 300 बसें ; किराए में मिलेगी भारी छूट

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ करौली(राकेश शर्मा)।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध आस्था धाम समीपवर्ती करौली जिले में कैलादेवी के चैत्र लक्खी मेले में राजस्थान रोडवेज की 300 बसें भक्तों को कैला मां के दरबार पहुंचाएंगी। इसके लिए रोडवेज प्रशासन ने आगरा व हिण्डौन रेलवे स्टेशन सहित चार जिलों में 9 स्थानों पर अस्थाई मेला बस स्टैण्ड स्थापित करने की तैयारियां शुरू कर दी है। 16 मार्च से शुरू हो रहे मेले के लिए 13 मार्च से 3 अप्रेल तक मेला स्पेशल बसों का संचालन होगा। हालांकि, इस बार गत मेले से 50 बसें कम लगाई गई हैं। रोडवेज सूत्रों के अनुसार कैलादेवी मेले में यात्री परिवहन के लिए राजस्थान परिवहन निगम के जयपुर मुख्यालय ने प्रदेश के 45 डिपो से 300 बसों को लगाया है। मेले में सर्वाधिक




यात्री आवक वाले 9 शहरों में स्पेशल मेला बस स्टैण्ड निर्धारित किए हैं। इसके तहत उत्तर प्रदेश के आगरा के ईदगाह, धौलपुर, बाड़ी, झील की देवी, मेहंदीपुर बालाजी, हिण्डौन रेलवे स्टेशन, हिण्डौन बस स्टैण्ड व करौली से दर्शनार्थियों के लिए रोडवेज बस उपलब्ध रहेंगी। रोडवेज के स्थानीय अधिकारियों ने गत दिवस कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्यक प्रबंधक के नाम स्टेशन प्रबंधक को पत्र सौंप पर रेलवे स्टेशन पर मेला बस स्टैण्ड के लिए सफाई व भूमि समतलीकरण का कार्य शुरू कर दिया। जहां मालगोदाम यार्ड के पास मेला बस स्टेण्ड शुरू किया जाएगा। इधर, मेला में बस सेवा संचालन के लिए रोडवेज मुख्यालय से संभाग यांत्रिक अभियंता सुधीर दीक्षित को मुख्य मेला अधिकारी लगाया है। वहीं यूनिटों के संचालन के लिए लोहागढ़, धौलपुर, उदयपुर, सवाईमाधोपुर, अजमेर आगार, भरतपुर आगार के मुख्य प्रबंधकों सहित अनेक रोडवेज अधिकारियों को लगाया है। मेला स्पेशल बसों में गंतव्य तक यात्रा पर सफर में किराए में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

**इनका कहना है**

कैलादेवी मेला में जयपुर मुख्यालय ने सभी डिपो से 300 बसें लगाई गई है। बसों का 13 मार्च से संचालन शुरू होगा। रेलवे स्टेशन सहित अन्य यूनिट मेला बस स्टैण्ड स्थापित करने की तैयारियां शुरू हो गई है।

**-अशोक शर्मा, मुख्य प्रबंधक रोडवेज डिपो, हिण्डौनसिटी**

### आगरा से चलेंगी 104 बसें

कैला मां के मेले में उत्तर प्रदेश खासतौर पर आगरा मंडल से सर्वाधिक दर्शनार्थी व पदयात्री आते हैं। ऐसे में राजस्थान रोडवेज ने आगरा में मेला बस स्टैण्ड पर सर्वाधिक 104 बसें लगाई हैं। हालांकि छोटे वाहन बढने व यूपी रोडवेज की बसें के चलने से इस बार गत वर्ष की तुलना में आगरा यूनिट में 18 बसें कम की हैं। यहां से यात्री भार के अनुसार हर पांच-10 मिनट में चौबीस घंटे बसें संचालित होंगी। वहीं कैलादेवी मेला ग्रांउड से भी आगरा के लिए दो अलग मार्गों से नॉन स्टॉप मेला सेवाएं चलाई जाएंगी।

## नर्स से अभद्र व्यवहार की शिकायत पर आयुर्वेद चिकित्साधिकारी निलम्बित

### कार्यालयों में महिला कार्मिकों की सुरक्षा और गरिमा सर्वोच्च प्राथमिकता -कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** अजमेर स्थित आयुर्वेद विभाग निदेशालय द्वारा राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय नाथद्वारा में पदस्थापित आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र जांगिड़ को जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा की अनुशंसा पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई आयुष नर्सेज संघ राजसमंद द्वारा कलक्टर को प्रस्तुत ज्ञापन तथा कनिष्ठ नर्स आरती व्यास के शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर की गई है। शिकायत में चिकित्साधिकारी पर जबरदस्ती एवं अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया गया था।प्रकरण के संबंध में उपखण्ड अधिकारी नाथद्वारा की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन किया गया है और जांच प्रक्रियाधीन है। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन में प्रथम दृष्टया डॉ राजेन्द्र जांगिड़ द्वारा जबरदस्ती एवं अभद्र व्यवहार किए जाने की पुष्टि होना पाया गया, जिसे गंभीर कृत्य माना गया है।शिकायत प्राप्त होने ही जिला कलक्टर हसीजा ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित प्रभाव से आयुर्वेद विभाग के प्रमुख शासन सचिव को निलंबन की अनुशंसा भेजी थी।इस पर आयुर्वेद विभाग के निर्देशक आनन्द कुमार शर्मा द्वारा राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम-1958 के नियम-13 के अंतर्गत डॉ राजेन्द्र जांगिड़ को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करने के आदेश जारी किए गए हैं। निलम्बन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय निदेशालय आयुर्वेद विभाग, अजमेर निर्धारित किया गया है।

**महिलाओं की गरिमा से खिलवाड़ स्वीकार्य नहीं -कलक्टर**

कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने जिले के सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्यालयों में महिलाओं की गरिमा एवं सम्मान बनाए रखा जाए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महिलाओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखने तथा सभी कार्यालयों में महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। कलक्टर ने कहा है कि महिला कार्मिकों के साथ कोई भी अभद्रता किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं होगी।

## दीपक व्यास मेला संयोजक मनोनीत

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर (रंजन दवे)।** राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में अपना स्थान रखने वाले जोधपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 27/3/2026 को गवरमाता की भोलावनी शोभायात्रा आयोजित की जायेगी इसी संदर्भ में खांडा फ़लसा गणगौर समिति के अध्यक्ष रामदास अरोड़ा ने दीपक व्यास को गणगौर मेला संयोजक (2026) मनोनीत किया है अध्यक्ष रामदास अरोड़ा ने व्यास को हार्दिक बधाई देकर उनकी मेहनत ,समर्पण और नेतृत्व क्षमता की पहचान को देखते हुए पूरा आश्वस्त किया है कि आपके कुशल मार्गदर्शन में गणगौर माता की शोभा यात्रा का आयोजन नई ऊंचाइयों को छुएगा। साथ में व्यवस्थापक मदन गोपाल अग्रवाल को एवं प्रचार मंत्री मितेश जैन को मनोनीत किया है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत जोधपुर देहात कार्यकर्ताओं ने सीखे गुरु



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** भारतीय जनता पार्टी दक्षिण देहात जोधपुर के जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी दक्षिण देहात जोधपुर की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण में मुख्य वक्ता ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र कुमावत थे। कुमावत ने संबोधित करते हुए कहा की यह प्रशिक्षण सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अत्तिमहत्वपुर्ण है इस प्रशिक्षण के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के साथ अच्छे वक्ता नेता एवं जनप्रतिनिधियों को भी तैयार किया जाता है।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य भारतीय जनता के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना है जिससे यह सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंडल शक्ति केन्द्र एवं बुथ स्तर पर जाकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे जिससे भारतीय जनता पार्टी के पास प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की टीम तैयार होगी जिससे संगठन के कार्यक्रम में निखार आयेगा। जिला महामंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 जिला संयोजक सुमित्रा विश्नोई ने महाअभियान के आगामी कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी दी।

## घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग करने पर 7 गैस सिलेंडर किए जब्त

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु गठित जांच दल द्वारा आज अलवर शहर में कार्रवाई कर 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला रसद अधिकारी श्री विनोद जुनेजा ने बताया कि टीम द्वारा अग्रसेन सर्किल के पास पुल के नीचे स्थित रिफिल सेंटर पर घरेलू गैस सिलेण्डर्स का व्यावसायिक उपयोग करने पर 7 घरेलू सिलेण्डर, 1 इलेक्ट्रिक मोटर मय 1 रेग्यूलेटर जप्त कर मैसर्स मोहन गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किए गए। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में भी कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी। इस दौरा प्रवर्तन अधिकारी श्री बनवारी लाल शर्मा, प्रवर्तन निरीक्षक श्री अशोक कुमार शर्मा मौजूद रहे।

आदर्श घोटाला: आरोपियों के वकीलों को ही सरकार ने अपना भी वकील बनाया, जूली ने पूछा-क्या यही है भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस

# नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विधानसभा में सरकार को घेरा 22 लाख पीड़ितों की खून-पसीने की कमाई का उठाया मुद्दा

**आरोपियों को राहत देने के लिए सरकार कर रही है मिलीभगत, मुकदमों को कमजोर करने का प्रयास**

बढ़ता राजस्थान



**अलवर/जयपुर (का.स.)।** आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में प्रदेश के लाखों परिवारों की गाढ़ी कमाई डूबने के मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आज विधानसभा में सरकार पर तीखा हमला बोला। जूली ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार पीडितों को न्याय दिलाने के बजाय आरोपियों को संरक्षण देने का काम कर रही है।

**वकीलों की नियुक्ति पर सरकार कठघरे में**

जूली ने सदन में एक चौंकाने वाला तथ्य रखते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि हद तो तब हो गई जब इस घोटाले के मुख्य आरोपियों और सह-आरोपियों की पैरवी करने वाले वकीलों को ही सरकार ने इस केस में अपना पक्ष रखने के लिए नियुक्त कर दिया है। सरकार बताए कि इन वकीलों के जरिए जनता का पैसा वापस आएगा या आरोपी साफ बचकर निकलेंगे?उन्होंने आगे कहा कि सरकार का यह कदम साफ दर्शाता है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' का नारा महज एक दिखावा है। सरकार की मंशा सभी मुकदमों को क्लब करवाकर आरोपियों को कानूनी राहत दिलाने की प्रतीत हो रही है।

**14 हजार करोड़ का संगठित अपराध**

घोटाले की भयावहता बताते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह राजस्थान का सबसे बड़ा घोटाला है, जिसमें लगभग 22 लाख लोगों के ?14,000 करोड़ डकारे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस लूट को अंजाम देने के लिए लगभग 200 लोगों के एक संगठित गिरोह ने सवा सौ शेल कंपनियां बनाकर आम जनता की मेहनत की कमाई को हड़प लिया।

**जनता के अन्य मुद्दों पर भी घेरा**

महंगाई की मार जूली ने गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा कि क्या सरकार आमजन को राहत देने के लिए कोई सब्सिडी देने की योजना बना रही है या जनता को महंगाई के बोझ तले ही छोड़ दिया जाएगा।

वाहन चोरी और पुलिस की कार्यप्रणाली प्रश्नकाल के दौरान टोंक में वाहन चोरी के मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 1433 दर्ज मुकदमों में से 1056 वाहन अब तक बरामद नहीं हुए हैं। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि बरामदगी के बजाय बाहर से आने वाले वाहनों के बेवजह चालान काटकर राजस्थान की छवि खराब की जा रही है।

## सावित्रीबाई फुले की 129 वी पुण्यतिथि पर उनके आदर्शों को किया याद

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वाधान में मंगलवार को भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 129 वी पुण्यतिथि काशीराम के चौराहे के पास स्थित सैनी समाज सभा भवन परिसर में संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। युवा जिला अध्यक्ष एवं प्रवक्ता जितेंद्र खुराडिया ने बताया कि कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। तपस्या 21वीं सदी में माता सावित्रीबाई फुले के जीवन आदर्शों की उपयोगिता एवं वर्तमान समय में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने समाज में समरसता, समानता, एवम सामाजिक संदेश देने का कार्य किया ।आज वर्तमान समय में भारतीय नारी के विकास का श्री श्रये माता सावित्रीबाई फुले को जाता है। वह अपने अंतिम समय तक वंचित एवं पीडित लोगों की सेवा का कार्य करती रही,आज संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए उपस्थित पदाधिकारी ने भीष्म गर्मी में पशु पक्षियों के हेतु जल सेवा एवं हर घर एक परिंडाअभियान 25 मार्च 2026 से प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। पशु पक्षी हेतु दाना पानी एवं जल की व्यवस्था की जा सके कार्यक्रम के अंत में माता सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी आढ़ती रोशनलाल सैनी,जिला ओलंपिक संघ कोषाध्यक्ष कैप्टन उमराव लाल सैनी, फल सब्जी मंडी आढ़ती यूनियन सचिव पंकज सैनी, युवा शहर अध्यक्ष हेमंत सैनी, युवा महासचिव महेंद्र सैनी ,संगठन मंत्री रामगोपाल सैनी, कार्यालय मंत्री मन्याराम सैनी ,व्याख्याता सुरेश चंद ,सैनी शिक्षा समिति कोषाध्यक्ष रामरतन सैनी, डॉक्टर प्रदीप सैनी, लक्ष्मीनारायण सैनी, सूबेदार सुरेश चंद भारत भूषण सैनी राजेश सैनी,जयकुमार, राहुल, गणेश सैनी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद ने फागोत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** मंगलवार को भारत विकास परिषद शाखा राजगढ़ द्वारा विजयवर्गीय धर्मशाला राजगढ़ में फागोत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री राधा कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात रश्मि विजय ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखें और महिलाओं को मजबूत एवं दृढ़ निश्चयी होने के लिए प्रेरित किया। प्रीति विजय ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार एवं नारी उत्पीडऩ जैसी समस्याओं को जड़ से मिटा देने की बात कही, और भी महिलाओं ने अपने-अपने विचार रखें एवं नारी एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद फागोत्सव का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया सभी ने फूलों की होली खेली एवं एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पार्वती खंडेलवाल, सरोज विजय, पूर्णिमा सेन, प्रीति शर्मा, मीना विजय, पूनम कंवर, अनिता बंसल, सुनीता, इंदिरा खंडेलवाल, अनीता गुप्ता, मिथिलेश सौखिया, रेखा गुप्ता, सीमा विजय, संतोष विजय आदि महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 75 वर्ष पूर्णता पर ईएसआईसी द्वारा सुविधा समागम सह मेडिकल केम्प

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर (रंजन दवे)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ईएसआईसी मुख्यालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा ईएसआईसी उपक्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर के संयुक्त निदेशक प्रभारी नीरज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 05 मार्च 2026 को औषधालय सह शाखा कार्यालय, जोधपुर द्वारा सैंट ऑस्टिन सीनियर सेकेन्डरी स्कूल , भदवासिया, जोधपुर में सुविधा समागम सह मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र पटेल, बीमा चिकित्सा अधिकारी नर्सिंग अधिकारी, कमल किशोर एवं फार्मासिस्ट मनीषा मांगिलाल द्वारा 105 से अधिक बीमितों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में रक्तचाप, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, सामान्य एवं रक्त जांच तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर का आयोजन ईएसआईसी के अनुबंधित अस्पताल श्रीराम हॉस्पिटल के सहयोग से संपन्न हुआ।इस दौरान शाखा प्रबन्धक राजेश लखेरा द्वारा उपस्थित नियोजकों व बीमितों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न चिकित्सा एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान किया गया।

## जोधपुर सहित राजस्थान के कई पासपोर्ट कार्यालय को बम से उडऩे की मिली धमकी

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** राजस्थान में मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में स्थित पासपोर्ट कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हडक़ंप मच गया । जोधपुर में भी इस तरह के मेल मिलने से एक बार हडक़ंप का माहौल हो गया जिसके बाद मौके पर पुलिस ने मोर्चा संभाला और इतिहास के तौर पर पासपोर्ट कार्यालय परिसर को खाली करवाया कार्यालय पर मौजूद लोग एक बार हकके बक्के रह गए। जानकारी अनुसार राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों के स्थित पासपोर्ट कार्यालय में आईएसआई के नाम से मेल भेजे गए मेल में लिखा कि दोपहर 1 बजे गैस बम ब्लास्ट होंगे । सूचना पर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई । कार्यालयों और बिल्डिंगों को खाली करवा दिया गया हैं । जोधपुर के लूनी पंचायत समिति के समीप पासपोर्ट कार्यालय पर भी धमकी भरा मेल मिलने पर पुलिस ने मोर्चा संभाला और तत्काल प्रभाव से पूरा परिसर खाली करवाया, जिससे एक बार हडक़ंप सी स्थिति बन गई आम लोगों को इस बारे में जब जानकारी मिली तब सहमे हुए लोग परिसर से बाहर आकर खड़े हुए। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां आसपास के क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया । लेकिन कहीं कोई आपत्तिजनक वस्तु या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली।जोधपुर में पाल रोड स्थित पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई । धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस का जाब्ता पहुंचा और पासपोर्टकार्यालय छावनी में तब्दील हो गया जिसके बाद वहां सुरक्षा जांच की गई ।पाली में पुराना बस स्टैंड के पास प्रधान डाकघर परिसर में स्थित दफ्तर को धमकी भरा ईमेल भेजा गया । प्रधान डाक घर ओर पासपोर्ट ऑफिस को बंद किया गया । पुलिस ने सभी कर्मचारियों को बाहर निकाला ।बता दें , राजस्थान के कई जिलों में पोस्ट ऑफिस कार्यालयों में ही पासपोर्ट ऑफिस संचालित किए जा रहे हैं।इसके अलावा बांसवाड़ा प्रतापगढ़ , सवाईमाधोपुर , अजमेर कोटा , भीलवाड़ा जिलों में भी ई - मेल के जरिए पासपोर्ट कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ।सभी जगहों पर पुलिस सतर्कता बरतते हुए जांच की गई । इससे पहले राजस्थान हाई कोर्ट ग्रामीण कोर्ट जिला वशिष्ठान न्यायालय जयपुर हाई कोर्ट पीठ में भी धमकी भरे मेल आने से आमजन परेशान हुआ लेकिन पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अभी तक मेल करने वाले तक नहीं पहुंच पाई है।

## 11 मार्च से शहर के पार्कों में प्रारम्भ होगा विशेष साफ-सफाई अभियान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर शहर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, रेजीडेन्ट वेलफेयर सोसायटी, पार्कों की विकास समितियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से 11 मार्च से शहर के पार्कों में विशेष साफ-सफाई अभियान प्रारम्भ किया जाएगा, जिसके अंतर्गत शहर के प्रमुख पार्कों में स्वच्छता कार्य करवाए जाएंगे। नगर निगम आयुक्त श्री सोहन सिंह नरूका ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में 11 मार्च 2026 को नेहरू पार्क, कंपनी बाग एवं मोती डूंगरी स्थित चिल्ड्रन पार्क में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा।

कलक्टर की दो टूक- स्वच्छ पानी मिले, प्रेशर भी पूरा हो, गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

# पेयजल सप्लाई जांचने फ़िल्टर प्लांट से लेकर कोलोनियों में घरों तक पहुंचे कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** भीषण गर्मी की संभावना और पिछले कुछ दिनों से प्राप्त पेयजल संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने मंगलवार सुबह शहर की पेयजल व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। कलक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ शहर की विभिन्न कोलोनियों का दौरा कर जलापूर्ति की स्थिति, पानी की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया तथा मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर साधना शिखर स्थित जल शोधन संयंत्र पहुंचे, जहां उन्होंने जल शोधन की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया और पानी की गुणवत्ता से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद अमृत 2.0 योजना के तहत स्थापित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए जल शोधन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने इसके बाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जलापूर्ति व्यवस्था की वास्तविक स्थिति जानी। भगवान दास मार्केट, माटा मोहल्ला तथा महादेव कॉलोनी संतोष नगर क्षेत्र में पहुंचकर पानी के प्रेशर की जांच करवाई। साथ ही क्लोरीन के नमूनों की जांच अपने सामने करवाई और पानी की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पानी की गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए और नियमित रूप से क्लोरीन की मात्रा तथा जल नमूनों की जांच की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्थानीय निवासियों से सीधे संवाद कर पेयजल से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। कई स्थानों पर उन्होंने घरों तक पहुंचकर आमजन से बातचीत की और पूछा कि उन्हें पानी किस समय मिल रहा है, पानी का प्रेशर कैसा है तथा गुणवत्ता को लेकर कोई समस्या तो नहीं है। लोगों ने भी अपने अनुभव और समस्याएं साझा कीं, जिन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती जाए। जहां भी गंदे पानी की शिकायत प्राप्त होती है, वहां तत्काल सैंपल लेकर जांच करवाई जाए और रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

## वंडर रुरल डवलपमेंट सेन्टर में आयोजित हुआ कैरियर काउन्सलिंग का भव्य सेमिनार



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** वंडर सीमेंट लि., निम्बाहेड़ा के नीव इनीशिएटिव के तहत यूनिट हेड नितिन जैन के निर्देशन में संचालित उडान कार्यक्रम के अन्तर्गत रुरल डवलपमेंट सेन्टर में आयोजित हुआ। कैरियर काउन्सलिंग सेमिनार में विभिन्न राजकीय विद्यालयों के 10वीं कक्षा के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शिक्षाविद विषय विशेषज्ञों से सीखा कि विभिन्न क्षेत्रों में किस प्रकार अपनी योग्यता, क्षमता एवं रुचि के अनुसार कैरियर हेतु विषय का चयन किया जाए। सत्र में छात्र-छात्राओं को कैरियर चयन के समय आने वाली चुनौतियों तथा समस्याओं के समाधान के उपाय सुझाये तथा उनके विभिन्न प्रश्नों जैसे - आई.टी. के क्षेत्र में, कला सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिये उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। साथ ही शिक्षाविदों ने छात्र-छात्राओं को अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम व मन को एकाग्र करने के लिए प्रोत्साहित किया। कैरियर काउन्सलिंग सेमिनार में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों ने उत्साह से भाग लिया। सेमिनार में बच्चों का मार्गदर्शन राजकीय मॉडल स्कूल निम्बाहेड़ा के प्रधानाचार्य अनिल सोमानी द्वारा किया गया। इस दौरान पी.ई.ई.ओ. बड़ोली माधोसिंह रविंद्र कुमार उपाध्याय, पी.ई.ई.ओ. फाचर अहिरान जितेन्द्र सोनी एवं अध्यापक राजकीय विद्यालय पालडी दीपक भट्ट ने भी विद्यार्थियों को भविष्य के लिये उचित विषय के चुनाव हेतु प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि वंडर सीमेंट लि. प्रबंधन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करते हुए क्षेत्र के सभी राजकीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य एवं शिक्षा में गुणवत्ता हेतु विद्यालय भवन की सुविधाओं के लिये शिक्षा विभाग को निरन्तर सहयोग किया जा रहा है। कैरियर काउन्सलिंग सेमिनार का संचालन श्रीमती कृष्णा जायसवाल एवं विशाल कुमार आलडिया ने किया तथा आयोजन में सहयोग वंडर सीमेंट रुरल डवलपमेंट सेन्टर के श्री मनीष आमेटा सहित सुश्री वंदना मेनारिया, सुश्री चंचल मेनारिया, योगेश सुथार एवं जिनेन्द्र सामरिया द्वारा किया गया।

## चेचट माइंस क्षेत्र में सरेण्डर खदानों को भरवाने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी (नि.स.)।** चेचट माइंस क्षेत्र में सरेण्डर हो चुकी खदानों को भरवाने की मांग को लेकर गौ रक्षा फाउंडेशन और ग्रामीणों ने मंगलवार को खान एवं भू-विज्ञान विभाग के खनि अभियंता को ज्ञापन सौंपा। गौ रक्षा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रहलाद कुमार राठौर बताया कि क्षेत्र में करीब 815 बीघा चरागाह भूमि माइंस क्षेत्र में आती है। इनमें से लगभग 450 बीघा भूमि पर खनन कार्य हो चुका है और करीब 300 बीघा क्षेत्र की माइंस सरेण्डर की जा चुकी है। इसके बावजूद कई खदानें अब भी खुली पड़ी हैं और उनमें पानी भरा हुआ है। खेडली रोड से कोटड़ी रोड तक कई स्थानों पर खदानों के पास ही सडक़ और बस्ती होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। गौ रक्षा फाउंडेशन का कहना है कि नियमों के अनुसार खदान सरेण्डर होने के बाद उन्हें मिट्टी डालकर समतल किया जाना चाहिए, ताकि वहां घास उग सके और भूमि का उपयोग फिर से चरागाह के रूप में किया जा सके। लेकिन कई स्थानों पर चरागाह भूमि पर मलबा डाल दिया गया है, जिससे गौवंश के चरने में परेशानी हो रही है। गौ रक्षा फाउंडेशन ने बताया कि इस संबंध में वर्ष 2021 से अब तक कई बार जिला कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन दिए जा चुके हैं। वर्ष 2022 में भूमि का सीमांकन भी कराया गया था, जिसमें करीब 400 बीघा भूमि खनन से प्रभावित पाई गई थी। गौ सेवकों और ग्रामीणों ने मांग की है कि जिन खदानों में खनन कार्य पूरा हो चुका है, उन्हें जल्द भरवाकर समतल किया जाए और भूमि को चरने योग्य बनाकर ग्राम पंचायत को सौंपा जाए। साथ ही दोषी खनन पट्टाधारकों को ब्लैकलिस्ट कर भविष्य में उन्हें माइंस लीज नहीं देने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो गौ सेवक और ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## महावीर नगर में बढ़ती चोरी की वारदातों पर कांग्रेस का विरोध, थानाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** महावीर नगर क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की वारदातों पर रोक लगाने की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महावीर नगर थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। गणेश नगर मंडल अध्यक्ष चेतन सोलंकी की अगुवाई में कार्यकर्ता थाने पहुंचे और क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। ज्ञापन में कांग्रेस नेता चेतन सोलंकी ने कहा कि शहर में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और अपराधियों में पुलिस का डर कम होता नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को कृष्णा नगर निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता मिथलेश गौतम के घर में अज्ञात चोर घुस आया और गैस सिलेंडर चोरी करने का प्रयास किया। विरोध करने पर चोर ने उन पर हमला भी किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस से आरोपी को जल्द पकडऩे और क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में मनीष आर्य, धीरज नागर, वेदप्रकाश गुर्जर, इरफान पठान, अजय राज सोलंकी, प्रताप सिंह हाड़ा, राजकुमार भोला, जुल्फिकार अली, महेश रैगर, पिरूलाल पंकज, केशव जैन, राजवीर गुर्जर, लटूर लाल महावर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# गर्मी में बिजली का हो समुचित प्रबंध ऊर्जा मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने अधिकारियों को आगामी गर्मी सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गर्मी की तीव्रता अधिक रहने के आसार हैं। ऐसे में विद्युत मांग में संभावित बढ़ोतरी का आंकलन करते हुए अधिकारी बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें।

नागर मंगलवार को विद्युत भवन में ऊर्जा विभाग एवं विद्युत निगमों के अधिकारियों के साथ आगामी गर्मियों में विद्युत मांग एवं उपलब्धता की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विद्युत गृहों के कॉमन पूल से बिजली का आवंटन प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष में भारत सरकार ने गर्मी के सीजन में 750 मेगावाट तक का कोटा आवंटित किया था, जिससे आपूर्ति प्रबंधन में मदद मिली थी। ऊर्जा मंत्री ने लघु अवधि आधार पर एक्सचेंज से बिजली खरीद के लिए भी निविदा प्रक्रिया अभी से सम्पादित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव, ऊर्जा अजिताभ शर्मा ने निर्देश दिए कि उत्पादन निगम द्वारा थर्मल यूनिटों का बेहतर रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए जिससे कि यूनिटों के अनावश्यक ट्रिप होने की सम्भावनाओं को कम किया जा सके। साथ ही अधिकतम उत्पादन हासिल किया जा सके। उन्होंने उत्पादन निगम को बैटरी ऊर्जा भण्डारण प्रणाली के कार्य की प्रगति में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

राजस्थान ऊर्जा विकास एण्ड आईटी सर्विसेज के प्रबंध निदेशक श्री ओम कसेरा ने आगामी अप्रैल माह से सितम्बर माह तक ऊर्जा की औसत मांग, उपलब्धता, मांग में बढ़ोतरी आदि को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि अप्रैल और मई माह में लघु अवधि आधार पर एक्सचेंज से बिजली खरीद के लिए निविदा जारी कर दी गई हैं। बैठक में जोधपुर डिस्कॉम की ओर से कुछ सब-स्टेशनों पर ऊर्जा भण्डारण प्रणाली के माध्यम से कृषि उपभोक्ताओं को दिन के दो ब्लॉक में विद्युत आपूर्ति करने के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल, ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव श्री सौरभ स्वामी, उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री देवेन्द्र श्रृंगी सहित तीनों विद्युत वितरण निगमों एवं प्रसारण निगम के अधिकारी भी मौजूद थे।

## वंडर सीमेंट में हर्षोल्लास से मनाया गया महिला दिवस -2026



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** वंडर सीमेंट लिमिटेड, आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा के पाटनी पब्लिक स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम वंडर यूफोरिया लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अरुणा जैन की अध्यक्षता एवं कम्पनी के यूनिट हेड नितिन जैन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान कम्पनी के उपाध्यक्ष अमित मेहता, राजेन्द्र शर्मा तथा राजकीय मॉडल स्कूल निम्बाहेड़ा के प्रधानाचार्य अनिल सोमानी भी मंच पर उपस्थित थे।

महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनिट हेड श्री जैन ने महिला दिवस की शुभकानाएं देते हुए कहा कि आज के दौर में अपने परिवार की प्रगति के लिये महिलाएं भी अपना पुरा योगदान दे रही है। आज भारतीय महिलाएं न केवल अपने परिवार को अपितु राष्ट्र की उन्नति हेतु हर क्षेत्र में सहयोग कर रही है। श्री जैन ने महिलाओं की दौहरी भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि महिलाएं घर-परिवार एवं कृषि के साथ-साथ स्वावलम्बन की और अग्रसर होकर आर्थिक रुप से सशक्त बन रही हैं। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित वंडर सीमेंट की महिला कार्मिको, पाटनी पब्लिक स्कूल की अध्यापिकाओं, सहायक स्टॉफ एवं वंडर सीमेंट लि. द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित हुनर एवं उड़ान कार्यक्रम से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीलम गौड़ द्वारा किया गया। इस दौरान पाटनी पब्लिक स्कूल के शिक्षकगण एवं वंडर सीमेंट लि. के एच. आर. सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# गैस सिलेंडर के बढ़े दामों के विरोध में कांग्रेस का मशाल जुलूस

## कार्यकर्ताओं ने सड़क पर चूल्हा जलाकर सेंकी रोटियां, केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** घरेलू गैस सिलेंडर के बढ़े दामों के विरोध में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विशाल मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और महंगाई के विरोध में सडक़ पर चूल्हा जलाकर रोटियां सेंककर अनोखा प्रदर्शन किया। गणेश नगर मंडल अध्यक्ष चेतन सोलंकी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी करना देश की आम जनता के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने कहा कि पहले से ही बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी की कमर टूट चुकी है, लेकिन इसके बावजूद सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने के बजाय लगातार कीमतें बढ़ा रही है। सोलंकी ने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढऩे से सबसे अधिक असर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ा है। रसोई का बजट बिगडऩे से महिलाओं में भी केंद्र सरकार के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इसी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर और सडक़ पर चूल्हा जलाकर रोटियां बनाकर केंद्र सरकार को जगाने का प्रयास किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार को कुंभकर्णी नींद में सोई हुई सरकार बताते हुए महंगाई कम करने और गैस सिलेंडर के दाम वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान अजयराज सोलंकी, जुल्फिक़ार अली, मनीष आर्य, परमानन्द सुमन, प्रतापसिंह हाड़ा, रंजीत पाठक, वेदप्रकाश गुजर, महेश रेगर, केशव जैन, प्रमोद पांचाल, टम्पू प्रसाद, राजवीर गुजर, सुरेश पंकज, रमेशचन्द मेवाड़ा आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## सलावद, बडोदिया और पामाखेड़ी में बिजली चोरी पर कार्रवाई, 43 अवैध आंकड़े हटाए

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी/सुकेत।** उपखण्ड कार्यालय सुकेत क्षेत्र के अधीन आने वाले ग्राम सलावद, बडोदिया एवं पामाखेड़ी में विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कटे हुए विद्युत कनेक्शनों की जांच की गई और डायरेक्ट आंकड़े डालकर बिजली चोरी करने वाले लोगों के कनेक्शन हटाकर जब्त किए गए। कार्रवाई के दौरान सलावद में 22, बडोदिया में 12 और पामाखेड़ी में 9 लोगों के अवैध आंकड़े हटवाए गए। वहीं विभागीय कार्रवाई को देखते हुए कई लोगों ने स्वयं ही अपने लगाए हुए अवैध आंकड़े हटा लिए। विभाग की ओर से जिन उपभोक्ताओं की वीसीआर भरी हुई है, उन्हें बकाया राशि जमा कराने तथा जिनके कनेक्शन कटे हुए हैं, उन्हें 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत अथवा सुकेत कार्यालय के माध्यम से प्रकरण का निस्तारण करवाने के लिए समझाइश दी गई।

इस कार्रवाई में सहायक अभियंता रणमत सिंह, कनिष्ठ अभियंता श्याम मोहन सहित टेक्निकल स्टाफ मौजूद रहा।

## चंदेरिया में प्रस्तावित फर्टीलाइजर प्लांट की जनसुनवाई सम्पन्न

### उच्च तकनीक के खाद संयंत्र से क्षेत्र को मिलेगी विकास की नई रफ्तार

बढ़ता राजस्थान







**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** हिंदुस्तान जिंक के चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स में प्रस्तावित अत्याधुनिक खाद संयंत्र को लेकर आयोजित जनसुनवाई में पर्यावरण संरक्षण, क्षेत्रीय विकास, रोजगार और किसान हित को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। करीब 2700 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित होने वाले इस संयंत्र से जहां खाद उत्पादन बढ़ेगा, वहीं स्थानीय स्तर पर रोजगार और सामाजिक विकास के नए अवसर बनने की उम्मीद जताई गई। सगरा माता मेला परिसर में आयोजित जनसुनवाई का संचालन राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से किया गया। प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामचंद्र खटीक, क्षेत्रीय अधिकारी आशीष बोरासी तथा गंगरार उपखंड अधिकारी पुनित कुमार गेलरा ने ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के विचार दर्ज किए। चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के लोकेशन हेड आलोक रंजन ने बताया कि प्रस्तावित संयंत्र दो चरणों में स्थापित होगा, जिसकी कुल उत्पादन क्षमता 10 लाख टन प्रतिवर्ष रहेगी। इसमें डाई अमोनियम फॉस्फेट,एनपीके और अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट जैसे उर्वरकों का उत्पादन किया जाएगा। इससे राजस्थान सहित आसपास के क्षेत्रों के किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद उपलब्ध हो सकेगी और कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी की संभावना बनेगी। जनसुनवाई में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय युवाओं को जिंक कौशल विकास केंद्र से जोडक़र रोजगार उपलब्ध कराने, सीएसआर योजनाओं का दायरा बढ़ाने और क्षेत्रीय विकास को प्राथमिकता देने की मांग रखी। कंपनी ने बताया कि कौशल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल, पशुधन सहायता और आधुनिक कृषि प्रशिक्षण जैसी योजनाओं के माध्यम से आसपास के गांवों में सामाजिक विकास के प्रयास जारी रहेंगे। जन सुनवाईमें में आजोलिया का खेड़ा सरपंच जगदीश जाट, सुभाष शर्मा, पुठोली प्रशासक महिपाल सिंह, उपसरपंच चंद्रभान सिंह, कंथारिया सरपंच कालूराम जाट, देवकिशन जाट, पूर्व सरपंच चोगावड़ी रवीन्द्र सिंह, परमेश्वर जाट, सतपुड़ा से राजू सिंह, रमेश जाट, ज्योति जोशी, प्रियंका जांगीड़, शीतल मेनारिया, गोटिया चुंडावत, मिठ्ठलाल, श्यामलाल मेनारिया, हरीश बैरवा, नगरी से रिंकू मेघवाल, दुर्गेश तिवारी, नितेश जाट, हेमंतराज तेली सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, युवा व महिलाएं उपस्थित रहे।

# आरटीयू का 15वां दीक्षांत समारोह आज, 9237 विद्यार्थियों को मिलेंगी डिग्रियां

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू), कोटा का 15वां दीक्षांत समारोह 11 मार्च 2026 को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर मैनेजमेंट (एसआईएएम), नयापुरा, कोटा में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता राजस्थान के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागड़े करेंगे। राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीईईआरआई), पिलानी के निदेशक डॉ. पी.सी. पंजरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. निमित चौधरी ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में कुल 9237 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक) के 7319, बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बीआर्क) के 65, मास्टर ऑफ आर्किटेक्चर (एमआर्क) का 1, मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी (एमटेक) के 643, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) के 905, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) के 270 तथा पीएचडी की 34 उपाधियां शामिल हैं।

समारोह के दौरान कुलाधिपति स्वर्ण पदक एवं कुलपति स्वर्ण पदक सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 34 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

इस वर्ष 7022 छात्र एवं 2215 छात्राएं उपाधि प्राप्त करेंगे।

कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हरीश शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुसंधान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहा है। विद्यार्थियों को उन्नत कम्प्यूटिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय ने लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से एआई सर्वर स्थापित किया है, जिसका लाभ विश्वविद्यालय के साथ-साथ संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को भी मिलेगा।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को इस प्रकार प्रशिक्षित करना है कि वे पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए अधिक सक्षम बन सकें और बेरोजगारी की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सके।

कुलपति डॉ. निमित चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय की सभी योजनाएं भविष्य उन्मुख हैं और उनका मुख्य केंद्र विद्यार्थी विकास और उनका समग्र कल्याण है। विश्वविद्यालय में अवसंरचना विकास, प्रक्रियाओं की समीक्षा और विभिन्न सुविधाओं के विस्तार जैसे सभी कार्यों में विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं।

दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल एवं विद्या परिषद के सदस्य, राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति, राजभवन के अधिकारी, संबद्ध महाविद्यालयों के चेयरमैन, निदेशक और प्राचार्य, विश्वविद्यालय के अधिकारी, संकाय सदस्य, शिक्षाविद, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक और मीडिया प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

पत्रकार वार्ता के दौरान कुलसचिव भावना शर्मा, दीक्षांत समारोह के समन्वयक प्रोफेसर विवेक पांडेय, प्रोफेसर दिनेश गुरला, प्रोफेसर ए.के. चतुर्वेदी तथा डॉ. हरीश शर्मा भी उपस्थित रहे और उन्होंने दीक्षांत समारोह की तैयारियों के संबंध में मीडिया को जानकारी दी।

# भारतीय सेना में विभिन्न पदों की भर्ती 1 अप्रैल तक होगा पंजीकरण

## जिला कलक्टर के साथ सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों ने की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर होने वाली भर्ती के लिए 1 अप्रैल तक जारी पंजीकरण प्रक्रिया के संबंध में जिला कलक्टर कमर चौधरी के साथ सेना भर्ती कार्यालय अलवर के निदेशक कर्नल आलोक रंजन ने मंगलवार को कलेक्टेªट में बैठक कर जानकारी दी तथा जिले के अधिक से अधिक युवाओं को पंजीकरण करवाने का आव्हान किया।

जिला कलक्टर ने कहा कि भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर होने वाली भर्ती में जिले से अधिक से अधिक युवा भाग ले, इसके लिए युवाओं को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से ग्राम पंचायत स्तर तक युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में पंजीकरण की जानकारी पहुंचाई जाएगी। कर्नल रंजन ने बताया कि भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पंजीकरण विंडो 1 अप्रैल तक खुली है। भारतीय सेना में जेसीओ/ओआर रैंक के लिए धार्मिक शिक्षक जूनियर कमीशन अधिकारी, हवालदार शिक्षा, सिपाही फार्मा, सैनिक तकनीकी (नर्सिंग अस्सिस्टेंट/नर्सिंग अस्सिस्टेंट वेटनरी), अग्निवीर (सामान्य ड्यूटी), अग्निवीर (तकनीकी), अग्निवीर (लिपिक/स्टोर कीपर तकनीकी), अग्निवर ट्रेडसमैन (10वी पास), अग्निवर ट्रेडसमैन (8वी पास) और अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (महिला सेना पुलिस) की श्रेणियों के लिए अधिसूचना जारी किया है। उन्होंने बताया कि भरतपुर जिले के योग्य उम्मीदवार 1 अप्रैल 2026 तक ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट ूप्रवपदपद.कपंदंतउलण्दपबण्पद के माध्यम से वांछित श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी और सहायता के लिए, उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय अलवर से संपर्क कर सकते है।

# श्रीनगर में खैरथल-तिजारा के जवान का निधन

## 4 साल के बेटे ने दी मुखाग्नि, तिरंगा रैली में गूंजे 'भारत माता की जय' के नारे

बढ़ता राजस्थान

**खेरथल/तिजारा।** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में खैरथल-तिजारा के मुंडावर के जवान का निधन हो गया। रामसिंहपुरा निवासी नितेश कुमार की पार्थिव देह मंगलवार को उनके पैतृक गांव पहुंची। जहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। 4 साल के बेटे ने अपने पिता को मुखाग्नि दी।

रामसिंहपुरा निवासी पूर्व सैनिक अभय सिंह ने बताया- मेरे बेटे नितेश कुमार श्रीनगर के गुलमर्ग में ट्रांजिट कैंप में तैनात थे। 8 मार्च की शाम 5 बजे नितेश की यूनिट के मेजर का फोन आया। उन्होंने बताया कि गुलमर्ग में उनकी गाड़ी चढ़ाई पर थी। इस दौरान उनका पैर फिसल गया। जिससे नितेश के सीने पर गंभीर चोट आ गई। साथी जवान उन्हें तुरंत श्रीनगर के 92 क्ष्‌ मिल्ट्री हॉस्पिटल में लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### 2017 में सेना में भर्ती हुए थे

अभय सिंह ने बताया- नितेश कुमार 2017 में सेना में भर्ती हुए थे। 2021 में उनकी शादी हुई थी। उनका एक चार साल का बेटा है। उसका नाम शान है। नितेश के दो भाई है। जिसमें विजय कुमार सेना में कार्यरत हैं। जबकि विक्रम कुमार किसान हैं।

### क्षेत्र में निकाली तिरंगा रैली

शहीद के सम्मान में क्षेत्र के युवाओं ने बाइक रैली निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रैली के दौरान %भारत माता की जय% और %शहीद नितेश कुमार अमर रहें% के नारों से पूरा इलाका गूंजता रहा। लोगों ने तिरंगे के साथ शहीद को अंतिम सलामी दी। नितेश कुमार के 4 साल के बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी।

### विधायक ने दी श्रद्धांजलि

क्षेत्रीय विधायक ललित यादव ने शहीद नितेश कुमार को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र को सदैव गौरवान्वित करता रहेगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# हनुमान चालीसा का पाठ कर मनाया वसुंधरा राजे का जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जन जन की लाडली,महिला सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधराराजे के जन्मदिन अवसर पर भीलवाड़ा शहर जनसेवक विट्ठलशंकर अवस्थी,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व ने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज टंकी के बालाजी,भाजपा जिला कार्यालय के सामने, हनुमान चालीसा का पाठ किया ओर महाआरती में भाग लेकर प्रभु से श्रीमती वसुंधराराजे की दीर्घायु,कुशल स्वास्थ्य व,उनके नेतृत्व को मजबूती के साथ अग्रसर करने की मंगलकामना की। सभी मातृशक्ति को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हार्दिक शुभकामनाए दी।

## डालमिया संस्थान द्वारा चिड़ावा में आयोजित हुआ किसान मेला, 45 स्टालें लगी

# प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के लिए प्रकृति के अति दोहन पर अंकुश लगाना होगा - जिला कलेक्टर

### पानी व जमीन बचाने के लिए करना होगा वृक्षारोपण - मुख्य वक्ता सुण्डाराम




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/चिड़ावा झुन्झुनू ( घनश्याम अवस्थी )।** रामकृष्ण जयदयाल डालमिया सेवा संस्थान द्वारा चिड़ावा कस्बे के खेलकूद परिसर में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन हुआ जिसमें जिले के करीब 2 हजार कृषक व कृषक महिलाओं ने भाग लिया। मेले में वर्षाजल संरक्षण, भूजल का समुचित प्रबंधन, कृषि क्षेत्र में हुए नवाचार, उन्नत कृषि यंत्र, अधिक उपज देने वाले बीज, खाद, जैविक खेती प्रतियोगिता, ग्रामीण खेल, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान व फ्ल एंव फ्सल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ।

मेले में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए पद्मश्री अवार्डी सुण्डाराम ने कहा कि भूजल का अत्याधिक दोहन, वर्षाजल का संरक्षण नही करने, प्राकृतिक जल संरक्षण वाली पद्धतियों को भुला देने जैसे कारणों से भूजल स्तर खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। ऐसी स्थिति में हमें ध्यान देना होगा। उन्होने बताया कि कम जल की उपलब्धता के बाद भी नवीन तकनीक से फ्लदार पौधे लगाये जा सकते है। उन्होनें बताया जल संरक्षण के प्रति अपनी सोच में बदलाव लाना होगा जिससे जल प्रदुषण होने से संरक्षित रह सके। उन्होनें बताया कि वृक्षारोपण करने वाले किसान या संस्थाए भारत सरकार की कार्बन क्रेडिट योजना के तहत प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर सकते है।

किसान मेले में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला कलेक्टर डॉ0 अरूण गर्ग ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं पर अकुंश लगाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के अति दोहन पर अंकुश लगाना होगा। उन्होनें कहा कि आज व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते मानव जल, जमीन, वायु जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर प्राकृतिक आपदाओं को बुला रहा है। इसके लिए हमें मिलकर जन जागृति अभियान चलाना होगा। उन्होनें कहा कि जी0डी0पी0 में कृषि का योगदान कभी कम नही होगा बल्कि इसे बढाने के लिए नवीन अनुसंधानों व आधुनिक कृषि क्रियाओं की जानकारी किसानों को मेले या गोष्ठियों के माध्यम से देनी होगी। उन्होने डालमिया संस्थान द्वारा वर्षाजल संरक्षण व कृषि को लाभकारी बनाने की दिशा में किये जा रहे कार्यो की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन इन कार्यों में सहयोग करेगा।

विशिष्ट अतिथि एंव कार्यक्रम के प्रेरणास्त्रोत रघुहरि डालमिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेती के निरन्तर लाभकारी बनने के कारण महिलाएं व युवा इस क्षेत्र में आगे आने लगे है। उन्होनें सुझाव दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आय का 5 से 10 प्रतिशत हिस्सा समाज के उत्थान के कार्यो पर व्यय करना चाहिए। उन्होनें कृषि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से कहा कि वे संस्थान से जुड़ कर किसानों की समृद्धि में भागीदार बने। इससे पहले युवा कृषक मानसिंह, सज्जनपाल, श्रीमती संतोष देवी ने अपने विचार व्यक्त कर कृषि को लाभकारी बनाने के गुर बताये। अंत में स्वामी केश्वानंद कृषि विश्वविद्यालय बीकाने के पूर्व निदेशक डॉ0 हनुमान प्रसाद ने सबका आभार व्यक्तकिया। कार्यक्रम में संस्थान के सलाहकार निरंजन सिंह व सी0ए0 मनीष अग्रवाल सहित किसान व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रारंभ में संस्थान के परियोजना प्रबंधक भूपेन्द्र पालीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन संस्थान की आई0टी0 आफिसर मोनिका स्वामी द्वारा किया गया।

### ग्रामीण खेल हुए आयोजित,महिलाओं में दिखा भारी उत्साह

मेले में महिलाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता में नरहड़ की टीम प्रथम, खुडिया की द्वितीय, हमीरवास की तृतीय, महिलाओं की म्यूजिकल चौयर में मुन्नी देवी प्रथम, रोशनी देवी द्वितीय, कविता तृतीय, पुरूषों की सैक रेस में रूपल प्रथम, विजय द्वितीय, संदीप तृतीय तथा मटका दौड़ में ताराचंद प्रथम, सुरेश द्वितीय व बलवंत तृतीय स्थान पर रहे। किसान मेले में प्रगतिशील किसान के रूप में महरमपुर के धुड़ाराम, जखोड़ा के राजेश कुमार, मालुपुरा के जयकरण, जलयोद्धा के रूप में लाम्बा गांव के सीताराम जांगिड़ पर्यावरण मित्र के रूप में इक्तावरपुरा के भरत सिंह व ग्राम विकास समिति जोडिया को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। स्टॉल प्रतियोगिता में श्रीधर विश्वविद्यालय के कृषि विभाग, स्थानीय कृषि महाविद्यालय प्रथम, एग्रो एग्रीकल्चर संभल (उ0प्र0) द्वितीय तथा पूनिया एग्रोटेक तृतीय स्थान पर रहे। मेले में आयोजित फ्सल व फ्ल प्रतियोगिता के 21 सफ्ल प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।

# डॉ. गर्ग ने विधानसभा में भारतीय चिकित्सा पद्धति का उठाया मुद्दा

## आरजीएचएस में केसरी जीवन, लिव-52, विटामिन सहित अन्य सप्लीमेंट को पुनः शुरू कराने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राज्य विधानसभा में पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने स्थागन प्रस्ताव के माध्यम से राजस्थान गर्वमेंट हैल्थ स्कीम के तहत कर्मचारियों, अधिकारियों, पेंशनरों को भारतीय चिकित्सा पद्धति (योगा, प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्धा, होम्योपैथिक, यूनानी) के तहत मिलने वाली कुछ स्वास्थ्यवर्धक दवाओं पर प्रतिबन्ध लगाने पर चिंता जाहिर करते हुये कहा कि 55 वर्ष की उम्र के बाद सप्लीमेंट की आवश्यकता होती है, अतः केसरी जीवन, लिव-52, विटामिन सहित अन्य सप्लीमेंट को पुनः शुरू कराने की अनुमति प्रदान की जाये।

डॉ. गर्ग ने विधानसभा में बोलते हुये कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने कोराना काल में आरजीएचएस में भारतीय चिकित्सा पद्धति को जोड़कर कर्मचारियों, अधिकारियों, पेंशनरों को स्वस्थ्य रखने के लिये पहल की थी। 55 वर्ष की उम्र के बाद व्यक्ति को सप्लीमेंट की आवश्यकता होती है। उन्हें केसरी जीवन, लिव-52, विटामिन्स के अलावा अन्य सप्लीमेंट भी दिया जाता था, इनके सेवन से कर्मचारी, अधिकारी, पेंशन आदि को स्वास्थ्य लाभ मिलने लगा और उसके सुखद परिणाम भी आने लगे थे और यह काफी लोकप्रिय हुआ था, लेकिन पिछले दो वर्षों से आयुर्वेद और यूनानी के तहत मिलने वाली कुछ स्वास्थ्यवर्धक दवाओं अर्थात केसरी जीवन, लिव-52, विटामिन सहित अन्य सप्लीमेंट पर रोक लगा दी गई है। विधायक गर्ग ने कहा कि अधिकारी, कर्मचारी प्रशासन के लिये अहम होते हैं। अगर वह फिट नहीं रहेंगे तो वह कैसे काम कर पायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बदलते परिवेश और खान-पान में बदलाव तथा जंक फूड के बढते प्रभाव से बढ रही बीमारियों में भारतीय चिकित्सा पद्धति लाभदायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने पुनः आयुर्वेद, यूनानी सहित अन्य भारतीय चिकित्सा पद्धति में आरजीएचएस के तहत केसरी जीवन, लिव-52, विटामिन सहित अन्य सप्लीमेंट जारी करवाने की मांग करते हुये कहा कि ऐलोपैथी में भी कुछ सप्लीमेंट दी जाती हैं। उन्होंने भारतीय चिकित्सा पद्धति में आरजीएचएस के शेष रहे भुगतान को भी कराने पर जोर देते हुये कहा कि आरजीएचएस में भारतीय चिकित्सा में हटाई गई दवाओं को पुनः जारी किया जायेगा तो न केवल हर्बल ट्यूरिज्म विकसित होगा बल्कि आयुष ट्यूरिज्म भी विकसित होगा।

# मुख्यमंत्री के सम्भावित दौरे को देखते हुए अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सम्भावित दौरे को देखते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया, जिला कलक्टर कमर चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द ने अधिकारियों के साथ माननीय मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए सभा स्थल, हेलीपैड एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए स्थान चिन्हित किये। अधिकारियों ने पुलिस परेड ग्राउण्ड में सभा स्थल तथा एमएसजे कॉलेज मैदान में हेलीपैड के लिए स्थान देखकर संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को सभा स्थल पर छाया-पानी, योजनाओं के प्रदर्शन के लिए स्टॉल लगाने, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सभास्थल पर लाने ले जाने तथा बैठक व्यवस्था के संबन्ध में विस्तृत निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री के 18 मार्च को भरतपुर में आने का कार्यक्रम संभावित है, किसान-पशुपालन सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद के साथ विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। निरीक्षण के दौरान आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, सीईओं जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र कुमार, आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सौंदर्यीकरण एवं निमार्ण कार्यो से आम जनता को रही समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सौंपा जिला कलक्टर को ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** प्रशासन द्वारा शहर में कराये जा रहे सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्यों की वजह से आम जनता को हो रही भीषण समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा के निर्देशन में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारीयों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर कमर चौधरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि निर्माण कार्यों की वजह से पूरे शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है, रास्ते अवरुद्ध हो रहे हैं, पर्याप्त मात्रा में वैकल्पिक मार्गो की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा नहीं की गई है तथा नल, बिजली, पानी एवं सीवरेज की लाइन डालने के लिए सड़क के आर पार खुदाई कर दी गई है जिनकी बाद में ना तो लेबलिंग की गई है ना डाबरीकरण किया गया है।

जिससे वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। निर्माण कंपनी की ओर से बराबर पानी का छिड़काव नहीं करने की वजह से पूरे शहर में धूल के गुबार उड़ रहे हैं, जिससे लोग बीमार हो रहे हैं और अस्थमा की बीमारियां बढ़ रही है। हीरादास, कुम्हेर गेट एवं रेलवे स्टेशन की ओर से शहर में आने वाले लोगों के लिए रास्ते लगभग बंद के कगार पर है जिससे शहर के व्यापारियों का कारोबार ठप्प हो रहा है। शहर सौंदर्यीकरण के नाम पर सड़कों को और चौड़ा करने के कारण काफी लोग बेरोजगार एवं बेघर होने के कगार पर आ गए है, जबकि यहां गौरतलब है कि भरतपुर में सिमको, डालमिया, चिनार एवं जीईडब्लू जैसी फैक्ट्री के बंद होने के कारण पूरा शहर भयंकर बेरोजगारी के दौर से गुजर रहा है। ऐसी स्थिति में इन्हें अगर दोबारा उजाड़ा गया तो यह शहर की जनता के साथ घोर अन्याय होगा। ज्ञापन में जनभावनाओं के मद्देनजर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से उक्त समस्याओं का विस्तृत वर्णन किया गया। जिस पर जिला कलेक्टर ने विचार करने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल,सेवादल अध्यक्ष निरंजन जघीना, एनएसयूआई अध्यक्ष हरजीत सांखला,पार्षद रामेश्वर सैनी, अशोक लवानिया एवं मुकेश जाटव, ब्लॉक अध्यक्ष दीनदयाल जाटव, लोकपाल सिंह, निकाय अध्यक्ष दीपू बुरावई,भरत गादोली, अवधेश शर्मा, प्रेम शर्मा, नदीम मलिक आदि शामिल थे।

# महात्मा गांधी रा. विद्यालय सूरौठ में 26 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का किया वितरण



बढ़ता राजस्थान

**सूरौठ ( टीकाराम शर्मा )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ में राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9 में अध्ययनरत 26 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एमडी भावना व साईकिल वितरण प्रभारी रविकांत उपाध्याय ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित इस योजना के तहत दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे उनकी शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए और वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकें।

इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सदस्य व्याख्याता वीरेंद्र कुमार पाराशर,अवलेखा बाई मीना , निवेजन जाटव, राजवीर जाटव, रेखा गुप्ता, रचना सिंघल, सुमनलता मीना, सुनील कुमार, शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीना, हुकम चंद्र जाटव, बलवीर सिंह वर्मा, संजीव कुमार, सुनीता गुप्ता , गुरमैल कौर, रजनी कुमारी, मनमोहन सिंह, हेमलता, राजदुलारी शर्मा मैडम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने छात्राओं को साइकिल मिलने पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# अतिक्रमण एवं सड़क चौड़ीकरण के नाम पर की जा रही तोड़फोड़ एवं अनैतिक रूप से वसूले किया जा रहे यू डी टैक्स को लेकर बैठक 13 मार्च को

### व्यापारी व आमजन के साथ हो रहे शोषण के विरोध में सभी लोग लामबंद हो

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर जिला व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। जिसमें भरतपुर शहर में चारों तरफ विकास के नाम पर जो विनाश लीला की जा रही है उस पर चर्चा की गई मीटिंग में उपस्थित सभी के द्वारा निर्णय लिया गया कि व्यापारी व आमजन के साथ हो रहे शोषण के विरोध में सभी लोग लामबंद हो ,इसी के तहत 13 मार्च को कृष्णा पैलेस (शिवा टॉकीज) सहयोग नगर भरतपुर एक विशाल बैठक करने का निर्णय लिया गया। जिला महामंत्री विपुल शर्मा ने बताया की भरतपुर शहर में अतिक्रमण एवं यूडी टैक्स के नाम पर स्थानीय आम जनता एवं व्यापारियों के साथ हो रहे शोषण के विरुद्ध में आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए भरतपुर जिला व्यापार महासंघ द्वारा एक आम सभा की बैठक आगामी 13 मार्च शुक्रवार को दोपहर 2 बजे कृष्णा पैलेस (शिवा टॉकीज) सहयोग नगर भरतपुर में आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता व्यापार महासंघ के जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता द्वारा की जाएगी। बैठक में अतिक्रमण एवं सड़क चौड़ीकरण के नाम पर की जा रही तोड़फोड़ एवं अनैतिक रूप से वसूले किया जा रहे यू डी टैक्स इत्यादि जैसी समस्याओं को लेकर बृहद बैठक की जाएगी जिसमें सभी के साथ विचार विमर्श करके आगे आंदोलन की रूपरेखा तय की जायेगी , अतः महासंघ सभी व्यापारियों,आमजन से अपील करता है, जो भी व्यापारी उपरोक्त समस्याओं से पीड़ित हैं या पीड़ित होने वाले है वह इस मीटिंग में अवश्य पधारें,। मीटिंग में दलबीर सिंह पूर्व सरपंच, इंद्रजीत भारद्वाज पूर्व नेता प्रतिपक्ष, मनोज कुमार,दिनेश,चेतन, हेमन्त, श्री राम चंदेला, इत्यादि व्यापारी मौजूद थे।



# एमडीएस विश्वविद्यालय की 38वीं अंतर महाविद्यालयीय खेल प्रतियोगिताओं का भव्य समापन, खो-खो में डीएवी कॉलेज विजेता

## खेल और शिक्षा साथ-साथ जरूरी : डॉ. गरिमा नरूला




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( मोहित जैन )।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर की 38वीं अंतर महाविद्यालयीय 'जयघोष' खेल प्रतियोगिताओं का भव्य समापन महिला खो-खो के रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। प्रतियोगिता के समापन समारोह की मुख्य अतिथि अजमेर की एसडीएम डॉ. गरिमा नरूला आईएएस तथा समारोह की अध्यक्षता एमडीएस विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अनिल कुमार दाधीच ने की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. गरिमा नरूला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना सिखाते हैं तथा युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अनिल कुमार दाधीच ने कहा कि विश्वविद्यालय की 38 वर्षों की खेल परंपरा निरंतर विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रही है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आज जिस उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दोनों टीमों द्वारा दिया गया है, उसे और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर मेहनत करें और अपने महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, अपने परिवार तथा अपने शहर का नाम उज्ज्वल करें।

### फाइनल मुकाबले में डीएवी कॉलेज बना विजेता

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में डीएवी कॉलेज, अजमेर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शाहपुरा कॉलेज को पराजित कर विजेता बना । विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कैलाश चंद्र शर्मा, डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीकांत, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुभाष चंद्र, स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव डॉ. तपेश्वर कुमार , डॉ. संजय तोमर, ऑब्जर्वर डॉ. विष्णु परमार, सोफिया कॉलेज से साइना शेरानी , प्रो. मनोज यादव, डॉ. कुलदीप शेखावत, डॉ. विष्णु परमार, डॉ लारा शर्मा आदि उपस्थित थे ।

## इंस्पायर अवार्ड मानक में चयनित राजकीय विद्यालय बनाकिया खुर्द की मेधावी छात्रा जशोदा कुमावत का हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बनाकिया खुर्द में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में मेधावी छात्रा जशोदा कुमावत पुत्री कैलाशचंद्र कुमावत का चयन होने पर विद्यालय परिवार, एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया।

इस मौके पर राजकीय विद्यालय बनाकिया खुर्द प्रधानाध्यापक हजारीलाल रेगर द्वारा छात्रा को बधाई देते हुवे कहा छात्रा जशोदा कुमावत द्वारा प्राप्त उक्त उपलब्धि ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है।जिससे अध्ययनरत विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी।साथ ही शिक्षिका सुनीता कुमारी बैरवा द्वारा छात्रा के चयन प्रोजेक्ट चालक नींद नियंत्रक से संबंधित जानकारी में बताया कि इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी ड्राइवर को सतर्क रहने में मदद तथा चालक की प्रबंधन की कार्य प्रणाली की जानकारी दी गयी।

उल्लेखनीय है कि छात्रा जशोदा कुमावत ने अपनी शैक्षिक नवाचार एवं वैज्ञानिक सोच के आधार पर उक्त गौरवान्वित उपलब्धि प्राप्त की है।साथ ही विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र मे नित नवीन प्रयोग एवं नवाचार के लिए प्रेरित किया है।

इस अवसर पर विद्यालय विकास प्रबंध समिति अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिसोदिया,उपाध्यक्ष कैलाश कुमावत,अभिभावक परसराम कुमावत,कैलाशचन्द्र तेली,घीसूलाल कुमावत,शिक्षक श्यामलाल भील, दिलीप सिंह गहलोत,सुप्रिया राव,हेमलता दाधीच, कन्हैयालाल अहीर आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## 130 वर्ष पुराने गणगौर मेले की तैयारियों को लेकर जुटी समिति, शिवेंद्र जोशी फिर बने अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( अनिल सिखवाल )।** गोपाल जी मोहल्ला गणगौर समिति की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को शिव मंदिर में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से शिवेंद्र जोशी को पुन: समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया तथा नई कार्यकारिणी का गठन किया गया बैठक में समिति के संरक्षक, पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों ने आगामी गणगौर मेले की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की। निर्णय लिया गया कि गोपाल जी मोहल्ला मंदिर के बाहर 21 मार्च से लगभग 130 वर्ष पुराने ऐतिहासिक गणगौर मेले का आयोजन पारंपरिक उत्साह और धूमधाम के साथ किया जाएगा समिति की ओर से बताया गया कि मेले की शुरुआत से पहले 11 मार्च को सूरजपोल गेट के बाहर स्थित श्री प्रसन्न गणपति मंदिर में गणपति पूजन गाजे-बाजे और धार्मिक विधि-विधान के साथ किया जाएगा, जिसमें मोहल्ले के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे बैठक के दौरान गत वर्ष का आय-व्यय विवरण भी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी ने संतोष व्यक्त किया। साथ ही उपस्थित सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि वर्षों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए इस बार भी गणगौर मेले को भव्य, व्यवस्थित और सफल बनाया जाएगा समिति के सदस्यों ने कहा कि यह मेला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक और सामाजिक परंपरा का महत्वपूर्ण प्रतीक है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु और शहरवासी भाग लेते हैं।

## एमएसएमई विभाग जयपुर द्वारा आयोजित सेमिनार में डिजिटल एक्सपर्ट एवं विश्व रिकॉर्ड होल्डर श्री गजानंद बोहरा ने किया संबोधित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** एमएसएमई विभाग जयपुर द्वारा मेवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में डिजिटल एक्सपर्ट एवं विश्व रिकॉर्ड होल्डर श्री गजानंद बोहरा ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस सेमिनार का उद्देश्य प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित कारीगरों एवं लाभार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ना तथा उन्हें अपने उत्पादों को ऑनलाइन माध्यम से बेचने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान श्री गजानंद बोहरा ने उपस्थित लाभार्थियों को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया एवं डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से अपने उत्पादों को देश-विदेश के ग्राहकों तक पहुंचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में छोटे कारीगर और उद्यमी भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की मदद से अपने व्यवसाय को तेजी से आगे बढ़ा सकते हैं। बोहरा ने यह भी बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित लाभार्थियों को उनके गंगापुर चौराहा स्थित सेंटर पर डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ने एवं ऑनलाइन व्यापार शुरू करने के लिए निशुल्क काउंसलिंग उपलब्ध कराई जाएगी तथा भविष्य में भी उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। सेमिनार में बड़ी संख्या में योजना के लाभार्थी, उद्यमी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गर्मी में बिजली का हो समुचित प्रबंध, ऊर्जा मंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

जयपुर। ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर ने अधिकारियों को आगामी गर्मी सीजन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गर्मी की तीव्रता अधिक रहने के आसार हैं। ऐसे में विद्युत मांग में संभावित बढ़ोतरी का आंकलन करते हुए अधिकारी बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। श्री नागर मंगलवार को विद्युत भवन में ऊर्जा विभाग एवं विद्युत निगमों के अधिकारियों के साथ आगामी गर्मियों में विद्युत मांग एवं उपलब्धता की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विद्युत गृहों के कॉमन पूल से बिजली का आवंटन प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जाएं।

## जागरूकता से सशक्त होंगी महिलाएं, अधिकारों की जानकारी से बढ़ेगा आत्मविश्वास

### पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



ब्यावर (अनिल सिखवाल)। महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के उद्देश्य से महिला अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार के अधीन संचालित पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र द्वारा सोमवार को आईटीआई गणेशपुरा में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर महिला कल्याण से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना रहा, जिससे समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को मजबूत किया जा सके। इस दौरान विद्यार्थियों को महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। नारी कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स आरएस-सीआईटी (क्र-ष्ट्ढ्ढञ्ज) उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे डिजिटल रूप से सशक्त बनकर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें वहीं नारी उद्यम प्रोत्साहन योजना के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जाता है। योजना के तहत प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग प्रदान कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाता है।

## आज अष्टमी पर कपासन में अन्नकूट महाप्रसाद का होगा वितरण

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर में अष्टमी के अवसर पर आज बुधवार को अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया जायेगा।जिसके तहत भक्तों एवं श्रद्धालुओं में माता वैष्णो देवी एवं कालिका माता की कृपा से मिष्ठान रूपी महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षेत्र के गुलाब सागर जलाशय किनारे स्थित शीतला माता मंदिर के समीप अष्टमी के अवसर पर आज बुधवार सांय 4 बजे से अन्नकूट महोत्सव में मिष्ठान रूपी महाप्रसाद का भक्तों एवं श्रद्धालुओं में वितरण किया जायेगा।जिसके तहत कपासन के भक्त एवं श्रद्धालु अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर मातारानी के महाप्रसाद का लाभ उठावें।

## होली व शीतला सप्तमी के मद्देनजर भीलवाड़ा में धारा 163 लागू

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** होली, शीतला सप्तमी, अष्टमी और रंगतेरस पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में धारा 163 लागू कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने आदेश जारी करते हुए 10 मार्च से 17 मार्च तक जिले की सम्पूर्ण शहरी व ग्रामीण सीमा में निषेधाज्ञा प्रभावी रहने की घोषणा की है। जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर विस्फोटक पदार्थ, घातक रसायन, आग्नेय अस्त्र-शस्त्र जैसे रिवॉल्वर, पिस्टल, बंदूक, राइफल सहित अन्य धारदार हथियार जैसे तलवार, भाला, गुप्ती, कटार, फरसा, गंडासा आदि लेकर नहीं घूम सकेगा और न ही इनका प्रदर्शन कर सकेगा। साथ ही ज्वलनशील पदार्थ या हानिकारक रसायनों से भरे गुब्बारे भी सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंधित रहेंगे। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बलों, पुलिस कर्मियों तथा अधिकृत सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। सिख समुदाय को धार्मिक परंपरा के अनुसार कृपाण रखने की छूट रहेगी तथा दिव्यांग व बीमार व्यक्ति सहारे के लिए लाठी का उपयोग कर सकेंगे। इसके अलावा किसी भी व्यक्ति को साम्प्रदायिक सद्भावना को ठेस पहुंचाने वाले नारे, भाषण या सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने की अनुमति नहीं होगी। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## कोटड़ी में विकास और नवाचार के दौर को मिली नई पहचान, स्थानांतरण पर भावुक हुआ क्षेत्र

### विकास अधिकारी रामबिलास मीणा के कार्यकाल को ग्रामीणों ने बताया प्रेरणादायक

बढ़ता राजस्थान



**कोटड़ी ( भीलवाड़ा )।** पंचायत समिति कोटड़ी में विकास अधिकारी रामबिलास मीणा के कार्यकाल को क्षेत्र में विकास, नवाचार और जनहित के कार्यों के लिए लंबे समय तक याद किया जाएगा। उनके स्थानांतरण की खबर सामने आने के बाद पंचायत समिति परिवार के साथ-साथ ग्रामीणों में भी भावुक माहौल देखने को मिला। पंचायत समिति परिसर में आयोजित विदाई कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने रामबिलास मीणा को भावभीनी विदाई दी। इस दौरान कई कर्मचारियों की आंखें नम हो गईं और सभी ने उनके सरल स्वभाव, नेतृत्व क्षमता और विकास कार्यों के प्रति समर्पण की सराहना की। विकास अधिकारी रामबिलास मीणा के नेतृत्व में पंचायत समिति कोटड़ी में कई नवाचार शुरू किए गए, जिनकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हुई। सबसे चर्चित पहल 'प्लास्टिक लाओ - शक्कर ले जाओ' अभियान रही, जिसमें ग्रामीणों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित कर उसके बदले शक्कर दी जाती थी। इस अभियान से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी और प्लास्टिक कचरे को कम करने में मदद मिली। इसके अलावा प्लास्टिक मुक्त कोटड़ी अभियान के तहत बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए जागरूकता अभियान चलाए गए। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पंचायतों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया।

उपप्रधान कैलाश सुथार ने कहा कि उनकी कार्यशैली अनुशासित और प्रेरणादायक रही तथा उन्होंने पंचायत समिति में नवाचारों की नई परंपरा स्थापित की। प्रगति प्रसार अधिकारी दलीप सिंह ने कहा कि उनके नेतृत्व में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में नई गति आई। ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष रमेश तेली ने कहा कि उनके कार्यकाल में पंचायत समिति में टीम भावना मजबूत हुई।

मंत्रालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष सत्यनारायण गुर्जर ने कहा कि उनका व्यवहार हमेशा सहयोगपूर्ण और प्रेरणादायक रहा।

प्रशासक ग्राम पंचायत बिशनियां एवं प्रशासक संघ अध्यक्ष सावरा धाकड़ ने कहा कि उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को साथ लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ाया।

### ग्रामीणों ने जताई भावनाएं

जब पंचायत समिति क्षेत्र के ग्रामीणों और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को उनके स्थानांतरण की जानकारी मिली तो कई लोगों की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों और विशेष रूप से वृद्धजनों ने कहा कि ऐसा संवेदनशील और जनहित में कार्य करने वाला विकास अधिकारी पहले कभी नहीं आया।

### विकास अधिकारी ने जताया आभार

इस अवसर पर विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने पंचायत समिति के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि कोटड़ी में कार्य करते हुए उन्हें सभी का भरपूर सहयोग और हुए क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहने का संदेश दिया।

## न.पा. कपासन ने महिलाओं से स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण पर संवाद किया



बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'नारी लीड स्वच्छता' के तहत नगर पालिका द्वारा आयोजित सप्ताह कार्यक्रम में मंगलवार को महिलाओं से संवाद कर स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण में भूमिका पर चर्चा की गयी।साथ ही महिलाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम 'नारी लीड स्वच्छता' के अतंर्गत सप्ताह कार्यक्रम में महिलाओं से संवाद में स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण में उनकी भूमिका पर चर्चा की गयी।महिला सफाई कर्मचारियों,नरेगा श्रमिकों सहित उपस्थित महिला वर्ग को स्वच्छता संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक करने सहित स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी।जिसमे महिलाओं से अपने परिजनों,मोहल्ला वासियों आदि को स्वच्छता के प्रति तथा महिला सशक्तिकरण को लेकर महिलाओं को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका जमादार मुकेश कोदली,नगर पालिका एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग, कार्यवाहक जमादार विशाल कोदली,विजय कोदली आदि नगर पालिका कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## हिंदू नव वर्ष उत्सव की तैयारियां तेज, हुई आवश्यक बैठक

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** हिंदू नव वर्ष को उत्साह और भव्यता के साथ मनाने को लेकर नगर के सामाजिक नोहरे में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के अनेक प्रतिष्ठित समाजजन उपस्थित रहे। इस दौरान हिंदू नव वर्ष को नगर में भव्य रूप से मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं तैयारियों पर विस्तार से चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि हिंदू नव वर्ष के स्वागत को लेकर नगर में व्यापक जनजागरण किया जाएगा। इसके तहत घर-घर पताका वितरण, वाहनों पर स्टीकर लगाने तथा कर पत्रक (पर्चे) बांटने का अभियान चलाया जाएगा। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर नगर के विभिन्न मंदिरों में दीपदान किया जाएगा तथा प्रत्येक घर पर पांच दीपक जलाने का आग्रह किया जाएगा। इसके साथ ही एक दिन पूर्व वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा तथा मुख्य कार्यक्रम के दिन नगर के समाजजनो द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए एक समिति का गठन भी किया गया। समिति के संरक्षक मंडल में नानालाल भूतड़ा, बंशीलाल राइवल, वीरेश चपलोत और गोविंद सोनी रहेंगे। समिति अध्यक्ष पारस अंजना बनाए गए हैं। उपाध्यक्ष के रूप में राजेश खंडेलवाल एवं लक्ष्मीनारायण मीणा तथा महिला उपाध्यक्ष के रूप में अंजना धाकड़ को जिम्मेदारी दी गई है।कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर मुंदड़ा, सह कोषाध्यक्ष कमलेश जैन और सचिव अरविंद मुंदड़ा होंगे। प्रचार की जिम्मेदारी मानवेंद्र सिंह चौहान, रजनीश गोठवाल और अमित खंडेलवाल को सौंपी गई है। बैठक में कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया। धन संग्रह समिति में श्यामसुंदर मुंदड़ा, प्रदीप मोदी, नितेश शर्मा, सुरेश अग्रवाल, कमलेश जैन और धर्मेंद्र मारू रहेंगे। शोभायात्रा समिति में नरेंद्र धूत, रानी जैन, रेखा रानी तिवारी, भगवती शर्मा और रीतु यज्ञिक , प्रियंका जैन, शिल्पा बोडाना शामिल रहेंगे। मंच सज्जा की व्यवस्था विद्या भारती द्वारा की जाएगी। भोजन समिति में राजेश गांधी, महेश गोयल, राजमल प्रजापत, राधेश्याम जोशी, पुष्कर सोनी और सुरेश कुदाल रहेंगे। नगर सज्जा की जिम्मेदारी अनिल तेली, बबलू माली, विशाल साबू और गोपाल पंचोली के नेतृत्व में रहेगी। संपर्क समिति में ललित शारदा, भूरालाल तेली, कमलेश जैन और महेश पुरोहित कार्य करेंगे।

टेंट व्यवस्था मदन सुखवाल और दिलीप जायसवाल संभालेंगे। वाहन व्यवस्था की जिम्मेदारी गणपत सुखवाल, अशोक जायसवाल, पुरण पुरबिया और बाबूलाल जोशी को दी गई है। जल व्यवस्था दीपक अग्रवाल, चिराग मंत्री और सुरेश प्रजापत देखेंगे। डीजे व बैंड की व्यवस्था लख्मीचंद करेंगे। झांकी समिति में डॉ.प्रकर्ष शर्मा और कल्पेश चौधरी रहेंगे।

इसके अलावा वितरण व्यवस्था भारत विकास परिषद और भोपाल सिंह बोडाना के नेतृत्व में संपन्न होगी। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने हिंदू नव वर्ष को नगर में भव्य और उत्साहपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# राजस्थान में बारिश का अलर्ट, ओले भी गिरेंगे

**पारा 40.6 डिग्री पर पहुंचा, बदलेगा मौसम का मिजाज**



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में तेज गर्मी और हीटवेव की बीच राहत की खबर है। राज्य में 14 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) एक्टिव होने से आंधी-बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 14 मार्च को 19 जिलों में बारिश और ओले गिरने का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, बुधवार को 2 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। राज्य में मंगलवार को सभी इलाकों में आसमान साफ रहा। दिन में तेज धूप रही। जैसलमेर, बाड़मेर समेत सीमावर्ती अन्य जिलों में हल्की से मध्यम हीटवेव चली। बाड़मेर में मंगलवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पिलानी (झुंझुनूं) में अधिकतम तापमान 39.2, चित्तौड़गढ़ में 39, चूरू में 38.7, जोधपुर में 38.6 और जैसलमेर में 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### 14 मार्च को बदलेगा मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस 14 मार्च को उत्तर भारत में एक्टिव होगा। इस सिस्टम का असर 14 और 15 मार्च को देखने को मिल सकता है। इससे राज्य में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की आंधी-बारिश होने और तापमान में 2-3 डिग्री गिरावट होने की संभावना है।

# सुप्रीम कोर्ट में लुधियाना के याचिकाकर्ता को फटकार

**सीजेआई ने कहा- जाओ लुधियाना 2-3 और स्वेटर बेचो, याचिका लिखने वाले नुकसान कर देंगे**

बढ़ता राजस्थान

**लुधियाना (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को एक नाटकीय घटनाक्रम हुआ। इस घटनाक्रम के केंद्र में लुधियाना का एक होजरी कारोबारी रहा। लुधियाना के कारोबारी ने भारी भरकम कानूनी शब्दों वाली एक जनहित याचिका दायर की। याचिका पीएम केयर्स फंड के बारे में लगाई गई थी। सीजेआई व दो अन्य जजों की पीठ को याचिका पर शक हुआ तो सीजेआई ने कह दिया कि याचिकाकर्ता इसमें किसी और का मुखौटा बनकर काम कर रहा है। सीजेआई ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई और उन्हें पास लुधियाना जाकर स्वेटर बेचने को कहा। पीएम केयर्स फड से संबंधित केस की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ कर रही थी। याचिका में कुछ ऐसे शब्द लिखे थे जिसका मतलब याचिकाकर्ता रजनीश सिद्धू खुद नहीं जानते थे।

**याचिका देख सीजेआई ने पूछी क्वालिफिकेशन**-सीजेआई ने जब याचिकाकर्ता की याचिका पढ़ी तो तुरंत उससे उसकी क्वालिफिकेशन पूछ ली। जिस पर उसने कहा कि वह 12 वीं पास है और होजरी का कारोबार करता है। जब सीजेआई ने उनके इनकम टैक्स रिटर्न के बारे में पूछा, तो उन्होंने बताया कि पिछले साल उन्होंने लगभग 5.25 लाख रुपए टैक्स भरा था। याचिकाकर्ता ने जब कहा कि उसने पहले कभी किसी हाईकोर्ट में कोई याचिका दायर नहीं की है और यह उनका सीधे सुप्रीम कोर्ट में पहला मामला है। जिस पर सीजेआई ने कहा कि बड़ा बहादुरी का काम किया, सीधा लुधियाना से चलके आ गए।

# बीसीसीआई टीम इंडिया को 131 करोड़ देगा

**यह पैसा खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ में बंटेगा; आईसीसी ने 27.5 करोड़ प्राइज मनी दी थी**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने पर टीम इंडिया के लिए 131 करोड़ रुपए के इनाम का ऐलान किया है। यह पैसा खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ में बंटेगा। भारत ने रविवार को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन का खिताब अपने नाम किया था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और ट्रॉफी जीती थी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने अपना खिताब बरकरार रखा और टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में लगातार दो बार ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों, सपोर्ट स्टाफ और सिलेक्टर्स को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। बोर्ड ने उम्मीद जताई कि टीम भविष्य में भी इसी तरह शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करती रहेगी।

# मुख्य चुनाव आयुक्त बोले- पात्र वोटर का नाम नहीं कटेगा

**स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराना प्राथमिकता, सीईसी के लौटते ही सीएम ममता ने धरना खत्म किया**

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि किसी भी पात्र वोटर का नाम वोटर लिस्ट से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की प्राथमिकता है। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का मकसद है कि सभी सही वोटर को वोट देने का अधिकार मिले और कोई अयोग्य व्यक्ति वोटर लिस्ट में शामिल न हो। आयोग का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पश्चिम बंगाल के सभी मतदाता आगामी विधानसभा चुनाव में हिंसा और डर के माहौल से मुक्त होकर मतदान कर सकें। कोलकाता में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए दो दिन तक हुई बैठकों के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि आयोग ने राज्य की कानून-व्यवस्था से जुड़ी एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बिना किसी पक्षपात और दबाव के कानून का सख्ती से पालन कराएं। इसके बाद वे दिल्ली रवाना हो गए। मुख्य चुनाव आयुक्त के लौटते ही पांच दिन से धरने पर बैठीं सीएम ममता बनर्जी ने धरना खत्म कर दिया।

### कुमार बोले- चुनाओ पर्वो, पश्चिमबंगेर गर्वो

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी हैं। यहां मतदान प्रतिशत हमेशा काफी अधिक रहता है। राज्य के मतदाता संविधान का सम्मान करते हैं और शांतिपूर्ण चुनाव में विश्वास रखते हैं। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग का एक नारा भी बताया- चुनाओ पर्वो, पश्चिमबंगेर गर्वो (यानी चुनाव का पर्व पश्चिम बंगाल का गर्व है)। इसके पहले ज्ञानेश कुमार को सुबह फिर लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा।

# दो से ज्यादा बच्चों वाले बन सकेंगे मेयर-पार्षद

## विधानसभा में नगरपालिका संशोधन बिल पास; गैस की कीमतें बढ़ाने पर हंगामा, मंत्री-नेता प्रतिपक्ष में नोकझोंक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में दो से ज्यादा बच्चों वाले नेता अब पार्षद, मेयर, नगरपालिका अध्यक्ष, सभापति बन सकेंगे। विधानसभा में मंगलवार को बहस के बाद राजस्थान नगरपालिका संशोधन बिल 2026 को पारित कर दिया।

राजस्थान नगरपालिका एक्ट की धारा 18 (2) में संशोधन किया है। दो बच्चों की बाध्यता साथ ही कुष्ठ रोग पीड़ितों के चुनाव लड़ने पर लगी रोक हटाई गई है।

अब इस बिल को राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राज्यपाल की मंजूरी के बाद नोटिफिकेशन जारी होते ही यह कानून बन जाएगा। अगले निकाय चुनाव में दो से ज्यादा बच्चों वाले नेता चुनाव लड़ सकेंगे। नगरपालिका संशोधन बिल पारित करने के बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। बजट सत्र में 24 दिन विधानसभा की कार्यवाही चली।

**गैस की कीमतें बढ़ाने पर विधानसभा में हंगामा**-विधानसभा में ईरान और यूएस-इजराइल युद्ध के बाद गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी और कॉमर्शियल सिलेंडरों की राशनिंग के मुद्दे पर शून्यकाल के दौरान कांग्रेस ने हंगामा किया। सरकार के इस मुद्दे पर जवाब नहीं देने के बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया।

शून्यकाल में कांग्रेस विधायक अमित चाचाण ने यह मामला उठाते हुए कहा कि सरकार ने संकट के समय गैस की कीमतें बढ़ाकर जनता पर डबल बोझ डाला है। सरकार को सब्सिडी देकर जनता को राहत देनी चाहिए, सरकार ने जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार की तरफ से सदन में गैस की कीमतें बढ़ाने से उपजे हालात पर जवाब दिलाने की मांग की। जूली ने कहा कि सरकार को बढ़ी हुई गैस सिलेंडर की कीमतों और कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं देने से उपजे हालात पर सदन में बयान देना चाहिए। सरकार जवाब नहीं दे रही है, इसलिए हम सदन से वॉकआउट कर रहे हैं।

### प्रश्नकाल में गोदारा-जूली में नोकझोंक

इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान बढ़ी हुई गैस कीमतों के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के बीच बहस हो गई। जूली ने पूछा- कल ही रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी की है। कॉमर्शियल सिलेंडरों पर अघोषित रोक लगा दी है। क्या सरकार अपनी तरफ से सब्सिडी देकर जनता को राहत देगी खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने ने कहा- नेता प्रतिपक्ष विद्वान हैं। आपको पता होगा कि गैस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ी हैं।



### खाद्य मंत्री बोले- गैस की किल्लत नहीं होने देंगे

जूली ने कहा- आप जनता को सब्सिडी देकर राहत देंगे क्या खाद्य मंत्री ने कहा- हम आमजन को गैस की किल्लत नहीं होने देंगे चाहे कुछ भी करना पड़े। जूली ने कहा- कीमतें बढ़ गईं, लेकिन सरकार क्या कर रही है? जब हमने 500 में सिलेंडर दिया था, तब 800 रुपए का सिलेंडर था। अब जब 600 रुपए सिलेंडर का रेट है तो आप सस्ता नहीं दे सकते क्या।

**विधायक दल की बैठक में सीएम बोले-विधायकों पर तीसरी आंख**

# लगातार कामकाज पर नजर रखी जाती है, प्रदेश में एंटी-इनकंबेंसी का माहौल नहीं : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- विधायकों के कामकाज पर लगातार नजर रखी जाती है। पार्टी और सरकार की ओर से विधायकों पर तीसरी आंख लगी है, इसलिए सभी जनप्रतिनिधियों को अपने व्यवहार और कामकाज को लेकर सतर्क रहना चाहिए। विधानसभा में मंगलवार को बीजेपी विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार के अब तक के कार्यकाल में किए गए जनकल्याणकारी कामों के चलते प्रदेश में एंटी-इनकंबेंसी का माहौल नहीं है। यह सरकार के लिए सबसे सुखद बात है। सरकार लगातार विकास और जनता के हित के काम में जुटी है। इससे जनता का विश्वास सरकार में बना हुआ है।

सीएम भजनलाल ने मंत्रियों से भी कहा- आने वाले वर्ष में हमें प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों तक अपनी पहुंच मजबूत करनी हैं। इसके लिए मंत्री जनता के बीच 8 से 10 घंटे रहकर काम करें।

सीएम ने विधायकों से कहा- मंत्री और विधायक जनता के बीच में जाकर समस्याएं सुनें और उनका समाधान करें। क्योंकि जनता से सीधा संवाद ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है। सीएम ने कहा- प्रत्येक विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र में ग्राउंड तक जाए और सरकारी योजनाओं से आमजन को जोड़े। उन्होंने सदन में सक्रिय और प्रभावी प्रदर्शन करने वाले विधायकों की सराहना भी की। बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा ने विधायकों से कहा- आपने जो भी मांगा, हमने वो सब आपको दिया है।

# यूसीसी लागू करने का समय आ गया : सुप्रीम कोर्ट

## संसद फैसला करे; शरियत कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की आशंका

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। इस पर फैसला करना कोर्ट के बजाय संसद का काम है। कोर्ट शरियत कानून 1937 की कुछ धाराओं को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इन धाराओं से मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव का आरोप था। सीजेआई सूर्यकांत,जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा- शरियत कानून की धाराएं रद्द कर दी गईं तो मुस्लिम समुदाय में संपत्ति के बंटवारे को लेकर कोई स्पष्ट कानून नहीं बचेगा। इससे कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है।



**सीजेआई:** सुप्रीम कोर्ट पहले भी कई बार सरकार से समान नागरिक संहिता लागू करने को कह चुका है। अलग-अलग समुदायों के लिए अलग नियम हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम सीधे किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर दें।

**जस्टिस बागची:** याचिका में भेदभाव का मुद्दा मजबूत है, लेकिन यह बेहतर होगा कि इस मामले को संसद (विधायिका) पर छोड़ दिया जाए, क्योंकि वही समान नागरिक संहिता बना सकती है।

**याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण:** कोर्ट यह घोषित कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर संपत्ति में अधिकार मिलना चाहिए। अगर शरियत कानून की कुछ धाराएं रद्द होती हैं, तो ऐसे मामलों में भारतीय उत्तराधिकार कानून लागू किया जा सकता है। संपत्ति में हिस्सा धार्मिक अधिकार नहीं बल्कि नागरिक अधिकार है। इसलिए इसे धर्म की स्वतंत्रता के तहत संरक्षित नहीं माना जाना चाहिए।

**बेंच:** इस मुद्दे का स्थायी समाधान समान नागरिक संहिता ही है। लेकिन इसे लागू करने का फैसला संसद को लेना होगा। यह नीतिगत मामला है, और कानून बनाना संसद का अधिकार है।

# जयपुर के अमरूदों का बाग-जनपथ पर रैली-सभा-समारोह पर रोक बरकरार

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश में दखल से किया इनकार; साढ़े 7 साल पहले लगी थी रोक

**जयपुर।** जयपुर शहर के अमरूदों का बाग, अंबेडकर सर्किल और जनपथ क्षेत्र में किसी भी तरह की रैली,सभा,धरना, प्रदर्शन और सार्वजनिक समारोह करने पर रोक बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने आज हाईकोर्ट की ओर से करीब साढ़े 7 साल पहले लगाई गई रोक को हटाने से इनकार कर दिया हैं। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की खंडपीठ ने यह आदेश प्रशासक जस्टिस सुदर्शन कुमार मिश्रा (सेवानिवृत्त) और एसएमएस इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन की ओर से दायर याचिकाओं को निस्तारित करते हुए दिया।

याचिकाओं में हाईकोर्ट के 5 सितंबर 2018 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें हाईकोर्ट ने इन क्षेत्रों में हर तरह के समारोह, पॉलिटिकल रैली, सभा और धरना-प्रदर्शन पर रोक लगा दी थी।

### राज्य सरकार नियमों के तहत करें आदेश जारी

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश की पालना में सरकार 8 सितंबर 2018 को ही इन क्षेत्रों को साइलेंस जोन और नो-वेंडिंग जोन घोषित कर चुकी हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के निर्देशों की पालना में आदेश जारी किया है। सरकार को कानून के तहत अलग से रोक का नया आदेश जारी करना चाहिए। इस पर सरकार ने आदेश जारी करने के लिए 8 सप्ताह का समय मांगा।

### राजनीतिक सभा के कारण जज भी जाम में फंसे थे

दरअसल, साल 2018 में अमरूदों के बाग में एक राजनीतिक सभा का आयोजन हुआ था। सभा के चलते पूरे इलाके में भंयकर ट्रैफिक जाम लग गया था। पुलिस ने सभा के कारण कई रास्ते बंद कर दिए थे, वहीं कई मार्गों को डायवर्ट किया था। इस जाम में वकील, पक्षकार और न्यायाधीश तक भी फंस गए थे, जिससे उन्हें समय पर हाईकोर्ट पहुंचने में गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जाम के कारण कई एंबुलेंस भी समय पर हॉस्पिटल नहीं पहुंच पाई थी।

**स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव**

# गोगोई बोले- राहुल को 20 बार टोका गया

## रिजिजू का जवाब- प्रियंका को नेता प्रतिपक्ष बनाते तो अच्छा होता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया। 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। इसके बाद पीठासीन ने प्रस्ताव पेश करने की परमिशन दे दी। प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 10 घंटे का समय तय हुआ। मंगलवार को करीब 7 घंटे चर्चा हुई। इसके बाद सदन की कार्रवाई बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष ने ओम बिरला पर सदन की कार्यवाही में पक्षपात करने का आरोप लगाया है। बहस की शुरुआत कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के दौरान 20 बार नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को रोका-टोका गया। उन्हें बार बार रूलिंग बुक दिखाई गई। उन्होंने अपनी स्पीच में एक आर्टिकल का हवाला दिया। इस पर उन्हें मना किया गया, लेकिन सत्ता पक्ष के सांसदों ने भारत में बैन किताबें सदन में दिखाईं। उनसे कुछ नहीं कहा गया। इस तरह का भेदभाव स्वीकार नहीं है।

### गोगोई बोले- बिरला बोलने नहीं देते, माइक बंद किया

2 फरवरी को नेता विपक्ष राहुल गांधी जब बोल रहे थे, तब उन्हें बार-बार रोका गया। स्पीकर सर ने उनके तर्क पर सबूत देने का कहा। 9 फरवरी को शशि थरूर जब बोल रहे थे, तब उनका माइक बंद कर दिया गया। सरकार ने कहा कि बोलिए, लेकिन हम कैसे बोल सकते हैं जब माइक ऑफ किया गया हो। संसद में ऐसी नई-नई चीजें हो रही हैं। आज महिला सांसदों के उद्देश्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं। ओम बिरला जी ने पीएम मोदी के समय कहा था कि महिला सांसदों ने पीएम की चेयर घेर ली है। उनके साथ कुछ भी हो सकता था। ये बहुत ही शर्मनाक बात है। बिरला ने किस आधार पर महिला सांसदों पर ये आरोप लगाए।



### रिजिजू ने कहा- सेशन के दौरान राहुल विदेश चले जाते हैं

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- इन लोगों ने पहले आरोप लगाया कि एलओपी को बोलने नहीं दिया जाता है। मैं कहता हूं 15वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष केवल 2 बार बोले। जब सेशन चलता है, तो विदेश चले जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष अपनी बात बोल के सदन से भाग जाते हैं। किसी और की बात नहीं सुनते हैं। फिर कहते हैं कि मुझे बोलने नहीं दिया जाता है। पहली बार मैंने ऐसा दृश्य देखा कि नेता प्रतिपक्ष पीएम को गले लगा रहा है। अपनी सीट पर बैठकर अपने सांसद को आंख मारता है। जैसा लीडर है तो बाकी के सांसद भी वैसे ही होंगे। मेंबर चेयर को यार कहते हैं। फिर कहतें हैं कि इसमें गलत क्या है (वेणुगोपाल ने चेयर को यार कहा था।

प्रियंका को एलओपी बनाते तो कुछ अच्छा होता। देखिए प्रियंका हंस रही हैं। जो अच्छा व्यवहार करे तो उसकी सराहना करनी चाहिए। विपक्ष ने हंगामा किया। रिजिजू बोले- मैंने अच्छा बोला है। कांग्रेस क्यों नाराज हो रही है।

**प्रियंका ने कहा- राहुल की सच्चाई इनसे पचती ही नहीं है-** प्रियंका गांधी ने कहा कि एक ही व्यक्ति है इस देश में जो इन 12 सालों में इनके सामने झुका नहीं। वह नेता प्रतिपक्ष है। और वो नेता प्रतिपक्ष इस सदन में खड़े होके इनके सामने सच बोल देते हैं। सच्चाई वो जो बोलते हैं वह इनसे पचती नहीं है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888 । फोन-0141-2796794, 2796795, ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)